हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, मंगलवार 24 दिसंबर 2024

## देर रात विष्णुदेव साय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष के निवास मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा

# नड्डा से मिले विष्णु, हरियाणा की तरह 14 मंत्री संभव बिलासपुर, रायपुर, बस्तर को मिल सकते हैं एक-एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रात नौ बजे छत्तीसगढ़ भवन से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास के लिए रवाना हुए। साढ़े नो बजे दोनों की मुलाकात शुरू हुई। एक घंटे से ज्यादा दोनों की मुलाकात हुई। माना जा रहा है कि मुलाकात में दोनों के बीच छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार पर गंभीर मंथन हुआ। छत्तीसगढ़ में अभी मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री हैं। आमतौर पर 13 मंत्री बनाए जाने की परंपरा रही है। लेकिन माना जा रहा है कि हरियाणा की तर्ज पर यहां भी 14 मंत्री की गुंजाइश तलाश की जा रही है। हरियाणा में भी छत्तीसगढ़ की तरह 90 विधायक हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ जब नया राज्य बना था तो पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी और इसके बाद डॉ. रमन सिंह के मंत्रिमंडल में पहले 17 से 18 मंत्री होते थे, लेकिन मंत्रिमंडल में संख्या को जब केंद्र सरकार द्वारा 2003 में संविधान में संशोधन करके प्रतिशत में तय किया गया तो इसके बाद बड़े राज्यों के लिए विधायकों की संख्या का दस फीसदी और छोटे राज्यों के लिए 15 फीसदी तय किया गया है। इसके बाद से ही छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल को 13 सदस्यों तक सीमित कर दिया गया है। जबकि जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में 14 मंत्री हो सकते हैं।

**छत्तीसगढ़ में अभी 11 मंत्री हैं, भाजपा तीन की गुंजाइश तलाश रही, विभाग भी बदलेंगे**





### तीन संभागों के विधायकों की लग सकती है लॉटरी

*प्रदेश के साय मंत्रिमंडल में पहले से ही एक पद खाली है। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद उनके मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद एक और पद खाली हो गया है। संभावना है कि अगर प्रदेश सरकार में मंत्रियों की संख्या को 14 किया जाता है तो रायपुर, बिलासपुर और बस्तर संभाग से एक-एक विधायक को मौका मिल सकता है। बिलासपुर से जहां अमर अग्रवाल और धरमलाल कौशिक का नाम है, वहीं बस्तर से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और विक्रम उसेंडी का नाम है। पहले दावेदारों में लता उसेंडी का भी नाम था, लेकिन उनको बस्तर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बना दिया गया है। ऐसे में उनको मंत्री बनाए जाने की संभावना कम है। जहां तक रायपुर का सवाल है तो रायपुर से पूर्व मंत्री रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर के साथ ही रायपुर दक्षिण से उपचुनाव जीतने वाले सुनील सोनी का भी नाम लिया जा रहा है। इनसे हटकर भी पार्टी किसी और विधायक को भी मौका दे सकती है। किनको मंत्री बनाना है इसका फैसला दिल्ली में होगा।*

## खबर संक्षेप

### जहरीली गैस से दो कर्मी अस्पताल में भर्ती



**अनकापल्ली।** जवाहरलाल नेहरू फार्मा सिटी में स्थित एक निजी फार्मा कंपनी में संदिग्ध रूप से जहरीली गैस के संपर्क में आने के बाद दो कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की हालत गंभीर है। यह घटना परवाड़ा स्थित कंपनी के उत्पादन ब्लॉक में सोमवार सुबह किसी रासायनिक अभिक्रिया के दौरान हुई।

### पिकअप ने रौंदा, दो बच्चों सहित 5 की मौत




**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले के धमदाहा इलाके में पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़े कई लोगों को रौंद दिया। इससे दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। घटना रविवार रात करीब आठ बजे ढोकवा गांव में हुई। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतकों की पहचान ज्योतिष ठाकुर (50), संयुक्ता देवी (45), अखिलेश (11) और अमरदीप (छह) के रूप में हुई है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमती बर्खास्त, परियोजना अधिकारी ज्योति एवं पर्यवेक्षक प्रभा निलंबित

# सनी लियोनी को महतारी बनाया, एक बर्खास्त, दो सस्पेंड, आरोपी गया जेल

*महतारी वंदन योजना में सनी लियोनी के नाम से महतारी वंदन का पैसा अपने खाते में जमा करवाने वाले आरोपी वीरेंद्र जोशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सरकार ने भी इस मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी को बर्खास्त करने के साथ-साथ पर्यवेक्षक प्रभा नेताम और परियोजना अधिकारी ज्योति मथरानी को निलंबित कर दिया। मामले में तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

खबर प्रसारित होने के बाद छानबीन में सच सामने आया है। यह पता चला कि बस्तर विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र तालूर में वीरेन्द्र कुमार जोशी के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र तालूर के कार्यकर्ता के माध्यम से सनी लियोनी के नाम से आवेदन कर अन्य जानकारी के रूप में अपना आधार नंबर तथा अपने बैंक खाते की जानकारी डाली गई है। योजना के आवेदन के परीक्षण एवं सत्यापन का दायित्व ग्राम स्तर पर बनायी गयी समिति, जिसमें ग्राम प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा किया जाना था। पोर्टल में अंकित दस्तावेज़ों का परीक्षण प्रथम सत्यापन में आआंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा तथा द्वितीय सत्यापन पर्यवेक्षक के द्वारा किया जाना था तथा परियोजना

▶▶| शेष पेज 4 पर

- *आरोपी वीरेन्द्र जोशी का बैंक खाता सीज, वसूली भी होगी*
- *जिला कार्यक्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस*

### *21 हजार हितग्राहियों की मृत्यु*

*विभाग द्वारा मृत हितग्राहियों की जानकारी भी लिया जाकर उन्हें लाभ सूची से हटाया जा रहा है। आज की स्थिति में 21 हजार से अधिक हितग्राहियों को मृत्यु हो जाने के कारण लाभ सूची से हटाया गया है।*


पूर्व पोर्न स्टार सनी लियोनी के नाम पर महतारी वंदन का पैसा, खाताधारी युवक पुलिस की गिरफ्त में
हरिभूमि पड़ताल



### 12000 गलत आवेदन रद्द हो चुका

*शासन का दावा है कि दावा-आपत्ति के निराकरण के लिए बाल विकास परियोजना स्तर पर गठित समिति के द्वारा निराकरण का प्रावधान रखा गया है। दावा-आपत्ति प्राप्त भी हुए हैं, जिनका परीक्षण किया गया। इस लगभग 12000 से अधिक गलत आवेदनों को निरस्त किया गया। दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। उपरोक्त प्रक्रियाओं के निर्धारण के उपरांत भी ऐसे फर्जी आवेदन प्राप्त न हो, इस दृष्टि से लगातार इनके सत्यापन की कार्यवाही के लिए मैदानी अमलों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।*

### खाता सीज

धोखाधड़ी में शामिल तालूर निवासी वीरेन्द्र कुमार जोशी के खाते को सीज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साईबर पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### इधर, कांग्रेस बोली- 45 लाख फर्जी

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, महतारी वंदन योजना में सनी लियोन के नाम के सिर्फ एक प्रकरण का खुलासा हुआ है, हकीकत में पूरे प्रदेश में लाखों महिलाओं के नाम से प्रतिमाह फर्जी तरीके से राशि निकाल कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना भाजपा सरकार के सुनियोजित भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है। हर माह 450 करोड़ का घोटाला इस योजना में किया जा रहा है। नाम किसी का, एकाउंट किसी का, 10 माह से अनवरत भुगतान बिना सुनियोजित षड़यंत्र और उच्चस्तरीय संरक्षण के संभव नहीं है।

## कुरूद के सिरसिदा में मॉब लिंचिंग

### धान चोरी के शक में ग्रामीणों ने युवक को पीट-पीटकर मार डाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जिले के कुरूद ब्लाक के ग्राम सिरसिदा में रविवार की रात्रि मॉब लिंचिंग की घटना हुई है। धान चोरी करने का आरोप लगा गांव के दर्जन भर लोगों ने युवक की बेदम पिटाई कर दी। इस मारपीट से घायल युवक की मौत हो गई है।



परिजनों के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसिदा निवासी तुलसीराम पटेल का 19 वर्षीय पुत्र कार्तिक पटेल रविवार की रात्रि घर में सो रहा था। वहीं रात्रि में आदिवासी पारा निवासी भीखम साहू के ब्यारा में रखे दो कट्टा धान की चोरी हो गई थी। धान चोरी में कार्तिक के शामिल होने का भीखम साहू को संदेह था। जिसके चलते भीखम साहू दर्जन भर लोगों के साथ रात्रि 2 बजे तुलसीराम पटेल के घर पहुंच गए। उनमें तीन से चार महिलाएं भी शामिल थीं। सभी लोग लाठी-डण्डे से लैस थे। महिलाओं ने तुलसीराम के घर का दरवाजा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### आरोपी जल्द होंगे गिरफ्तार

कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि धान चोरी के आरोप में मारपीट करने की शिकायत मिली है, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुरूद पुलिस जांच के लिए सिरसिदा पहुंच गई है।

### पूर्व जस्टिस रामसुब्रमण्यम एनएचआरसी के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा का कार्यकाल एक जून को पूरा होने के बाद से एनएचआरसी अध्यक्ष का पद रिक्त था। मिश्रा ने मानवाधिकार आयोग के आठवें अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्हें जून 2021 में पद पर नियुक्त किया गया था। सूत्रों ने पहले बताया था कि 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने एनएचआरसी के अगले अध्यक्ष का चयन करने के लिए बैठक की थी।




## ‘खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स’ के तीन सदस्य यूपी में ढेर

# गुरदासपुर में ग्रेनेड अटैक के तीन आरोपी एनकाउंटर में मारे गए

एजेंसी ▶▶| पीलीभीत/चंडीगढ़

पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला करने के मामले में कथित रूप से संलिप्त तीन संदिग्ध आतंकवादी सोमवार को पीलीभीत में उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इसे पाकिस्तान प्रायोजित ‘खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स’ मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी करार दिया। अपराधियों की पहचान गुरदासपुर के निवासी गुरविंदर (25), वीरेंदर सिंह (23) और जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) रूप में हुई है।



### खालिस्तान फोर्स से जुड़े थे तीनों

गुरविंदर सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह पंजाब के गुरुदासपुर जिले के कलानौर मोहल्ले का रहने वाला था। वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि पुत्र रंजीत सिंह गुरदासपुर जिले के ही कलानौर थाना क्षेत्र के ग्राम अगवान का रहने वाला था। वहीं जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह ग्राम निक्का सूर थाना कलानौर का निवासी था।

### यूपी-पंजाब पुलिस का संयुक्त अभियान


पंजाब पुलिस प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर कहा, पाकिस्तान प्रायोजित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस और पंजाब पुलिस के संयुक्त अभियान में संगठन के तीन सदस्य मारे गए, जिन्होंने पुलिस दल पर गोलीबारी की।

## सीएम साय का प्रयास रंग लाया

# इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ को मिले 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय का प्रयास रंग लाया। इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट के पहले कदम में ही अच्छी बोहनी हुई। देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सुबाई सरकार को 15 हजार 184 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ के सीएम साय दिल्ली के पंच सितारा होटल में उद्योगपतियों से मुखातिब थे। उन्होंने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए दावा किया कि राज्य की भाजपा सरकार की नीतियाँ निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल है। सीएम का प्रयास है कि राज्य में नक्सलियों को लेकर औद्योगिक जगत में जो डर, भय या भ्रांति फैलाई गई है उसे दूर कर राज्य के गरीबों, ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शीर्ष उद्योगपतियों ने निवेश का उत्साह

कार्यक्रम में पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के एमडी ईश्वर नंदन ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 1 हजार 134 करोड़ निवेश का प्रस्ताव रखा, जिससे 100 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। वहीं, टेलीपरफॉर्मेंस के सीओओ आशीष जौहरी ने 300 करोड़ का निवेश कर बैक ऑफिस केंद्र स्थापित करने की योजना साझा की। माइक्रोमैक्स के राजेश अग्रवाल ने सौर सेल निर्माण में 100 ▶▶| शेष पेज 4 पर






# श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े का महाकुंभ में भव्य प्रवेश

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

*प्रयागराज में जनवरी 2025 में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण 13 अखाड़ों का महाकुम्भ नगर में प्रवेश का सिलसिला आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में महाकुम्भ 2025 के लिए श्रीपंचदशनाम आवाहन अखाड़े ने पूरी भव्यता, राजसी अंदाज और विशिष्ट संदेश के साथ महाकुम्भ नगर में प्रवेश किया। जगह जगह श्रद्धालुओं और महाकुम्भ प्रशासन ने पुष्प वर्षा कर अखाड़े के संतों का स्वागत किया।*

### प्रवेश यात्रा में गूंजे ' वृक्ष लगाओ सृष्टि बचाओ ' के उदघोष

प्रवेश यात्रा में सबसे आगे अखाड़े के देवता भगवान गजानन की का रथ था। इसके बाद अखाड़े के पंच परमेश्वर रमता पंच. रमता पंच के बाद अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर का रथ चल रहा था। प्रवेश यात्रा में संतों की तरफ से वृक्ष लगाओ , सृष्टि बचाओ के उद्घोष भी किए जा रहे थे। अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी जी का कहना है कि उनके अखाड़े का मूल उद्देश्य सनातन का प्रचार प्रसार और धर्म की रक्षा करना है। लेकिन वर्तमान समय में सृष्टि के सामने सबसे बड़ा संकट पर्यावरण की रक्षा का है। इसके लिए वह वृक्ष लगाओ, सृष्टि बचाओ महा अभियान के अंतर्गत श्रद्धालुओं और सनातनियों से वृक्ष लगाने का संकल्प ले रहे हैं।




### महाकुंभ 2025 स्नान की प्रमुख तिथियां

- 13 जनवरी 2025- पौष पूर्णिमा
- 14 जनवरी 2025- मकर संक्रांति
- 29 जनवरी 2025- मौनी अमावस्या
- 03 फरवरी 2025- बसंत पंचमी
- 12 फरवरी 2025- माघी पूर्णिमा
- 26 फरवरी 2025- महाशिवरात्रि

### स्थानीय आश्रम से हुई छावनी प्रवेश की शुरुआत

छावनी प्रवेश यात्रा की शुरुआत अखाड़े के मड़ौका स्थित आवाहन अखाड़े के स्थानीय आश्रम से हुई. अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी जी का कहना है श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा सबसे प्राचीन अखाड़ा है जो अब तक प्रयागराज में 122 महाकुम्भ और 123 कुम्भ कर चुका है। अपने विशिष्ट संकल्प के साथ अखाड़े ने महाकुम्भ क्षेत्र में प्रवेश किया है। विभिन्न मार्गों से होते हुए अखाड़े ने तो त्रिवेणी पांटून पुल से अपनी छावनी में प्रवेश किया। अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी बताते हैं कि अखाड़े की इस छावनी प्रवेश यात्रा में एक दर्जन से अधिक महा मंडलेश्वर और 51 श्री महंतों के अलावा बड़ी संख्या ने नागा संन्यासी शामिल हुए. श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े की इस भव्य छावनी प्रवेश यात्रा में रथों में सवार महा मंडलेश्वर के अलावा घोड़ों और ऊंटों में सवार नागा संन्यासी श्रृद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने।

### संतों का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े की छावनी प्रवेश यात्रा ने 11 किमी का सफर तय कर सेक्टर 20 में स्थित अपनी छावनी में प्रवेश किया। अखाड़े की भव्य और दिव्य यात्रा का शहर ने जगह जगह स्थानीय लोगों और महा कुम्भ प्रशासन की तरफ से पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम कृष्णन बने ट्रंप के एआई एडवाइजर



**वाशिंगटन।** नडोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी उद्यमी श्रीराम कृष्णन को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भारतवंशी श्रीराम कृष्णन को व्हाइट हाउस के वरिष्ठ नीति सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। व्हाइट हाउस ने ये ऐलान किया। श्रीराम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के लिए पॉलिसी मेकिंग में ट्रंप प्रशासन की मदद करेंगे।

### उन्नाव रेप के दोषी सेंगर की बढ़ी अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी पूर्व बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की अंतरिम जमानत मेडिकल के आधार पर एक महीने के लिए बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को मेडिकल के आधार पर इलाज के लिए 10 दिन की अंतरिम जमानत दी थी। फिलहाल पूर्व बीजेपी विधायक सेंगर की दिल्ली हाई कोर्ट ने अंतरिम जमानत को 20 जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया है। कोर्ट अंतरिम जमानत बढ़ाने के आदेश देते हुए कहा था कि अब इसके आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

### अल्लू के हाउस अटैक के आरोपियों को जमानत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में तेलुगु एक्टर अल्लू अर्जुन के घर में घुसकर हमला करने के आरोपियों को जमानत मिल गई है। स्थानीय कोर्ट ने निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपी छह लोगों को जमानत दे दी है। इस बीच, बीआरएस के एक नेता ने चौंकाने वाला दावा किया है और कहा, आरोपी रेड्डी श्रीनिवास, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का सहयोगी है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक ना तो रेवंत रेड्डी और ना किसी कांग्रेस नेता ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया दी है। एक्टर अल्लू अर्जुन का हैदराबाद में जुबली हिल्स इलाके में घर है।

**तलाक के मुकदमे में कोलकाता हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला**

**याची पति द्वारा दाखिल अपील पर फैसला सुनाते हुए उसे तलाक की डिग्री दे दी**

### पति के खिलाफ दर्ज था वैवाहिक क्रूरता का झूठा मुकदमा

# 'पत्नी की मित्र-मायके वालों का टिके रहना पति के साथ क्रूरता'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तलाक के एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला सुनाया है। फैसला सुनाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा कि पति की इजाजत के बिना पत्नी के दोस्तों और उसके रिश्तेदारों का उसके घर में ज्यादा रहना क्रूरता है। इतना ही नहीं, तब इसकी और भी अति हो जाती है जबकि पत्नी घर में न हो। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने 19 दिसंबर को याची पति द्वारा दाखिल अपील पर फैसला सुनाते हुए उसे तलाक की डिक्री दे दी। बता दें कि यह मामला बीते16 साल से अदालत में था।

पत्नी ने इस मामले में पति के खिलाफ वैवाहिक क्रूरता का झूठा मुकदमा भी दर्ज करा रखा था। जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य और जस्टिस उदय कुमार की खंडपीठ ने पति के पक्ष में तलाक का फैसला न देने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलट दिया और इसे त्रुटिपूर्ण करार दिया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अपीलकर्ता (पति) ने प्रतिवादी (पत्नी) के खिलाफ मानसिक क्रूरता का पर्याप्त मजबूत मामला दर्ज कराया है जिससे इन आधार पर तलाक देने को उचित ठहराया जा सकता है।

### 16 साल से अदालत में था मामला



#### महिला मित्र के साथ समय बिताती थी पत्नी

पति ने दलील दी थी कि पत्नी अधिकतर समय अपनी महिला मित्र के साथ बिताती थी जो अपने आप में क्रूरता का कृत्य है। इनकी शादी 15 दिसंबर 2005 को हुई थी। पति ने 25 सितंबर 2008 को तलाक का मुकदमा दायर किया और उसी वर्ष 27 अक्तूबर को पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ नवद्वीप थाने में पंजीकृत डाक से शिकायत भेजकर वैवाहिक क्रूरता का मामला दर्ज करा दिया था।

#### खत्म हुआ विवाह

हाईकोर्ट के क्रूरता के आधार पर पति को राहत देने के साथ यह विवाह समाप्त हो गया। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि पूर्वी मिदनापुर जिले के कोलाघाट में पति के सरकारी आवास में उसकी आपत्ति और असहजता के बावजूद पत्नी की महिला मित्र और उसके परिवार के अन्य सदस्य लगातार टिके रहते थे। पीठ ने कहा, प्रतिवादी की मित्र और परिवार को पति की इच्छा के विरुद्ध उसके क्वार्टर में लगातार लंबे समय तक रखना, कभी-कभी तो स्वयं प्रतिवादी यानी पत्नी के वहां न होने को भी निश्चित रूप से क्रूरता माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान मामले में पत्नी ने एकतरफा निर्णय लेकर काफी समय तक पति के साथ वैवाहिक जीवन जीने से इंकार किया तथा निस्संदेह लंबे समय तक अलगाव रहा, जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि वैवाहिक बंधन अब सुधार से परे हो चुका है।

#### शिकायत के आधार पर न हो एफआईआर, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दहेज और यौन अपराध जैसे गंभीर आरोपों से जुड़े मामलों में प्रारंभिक जांच को अनिवार्य बनाने का अनुरोध किया गया है। कहा गया है कि इन मामलों में सिर्फ शिकायतों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग भी की गई है। याचिका में कहा गया है कि दहेज और यौन अपराध जैसे गंभीर आरोपों वाले मामलों में केवल शिकायत के आधार पर पूरे परिवार के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जानी चाहिए। प्रथम दृष्टया सुबूत स्थापित करने के लिए प्रारंभिक जांच को अनिवार्य शर्त बनाया जाना चाहिए।

# बांग्लादेश ने भारत सरकार को 'नोट वर्बल' भेजा हसीना को वापस मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के सलाहकार डॉ. तौहीद हुसैन ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आधिकारिक तौर पर भारत सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की है।

हुसैन ने आज मंत्रालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश ने भारत सरकार को एक 'नोट वर्बल' भेजा है, जिसमें देश में न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के लिए हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की गई है। बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 77 वर्षीय हसीना 5 अगस्त को भारत आ गई थी और तब से वह भारत में ही निर्वासन के तहत रह रही हैं। ढाका स्थित

### ढाका ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट



अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य और अधिकारियों के खिलाफ 'मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार' के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

#### भारत सरकार को भेजा संदेश

विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, 'हमने भारत सरकार को एक 'नोट वर्बल' (राजनयिक संदेश) भेजा है, जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश न्यायिक प्रक्रिया के लिए उन्हें वापस चाहता है।' इससे पहले सुबह गृह सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके कार्यालय ने अपदस्थ प्रधानमंत्री के भारत से प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'हमने उनके प्रत्यर्पण के संबंध में विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। प्रक्रिया अभी जारी है।' आलम ने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच पहले से ही प्रत्यर्पण संधि है और इस संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है।

# पुणे में बड़ा हादसा, फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को डंपर ने रौंदा

**दो बच्चों समेत तीन की मौत; नशे में था ड्राइवर**

एजेंसी ▶▶| पुणे (महाराष्ट्र)



महाराष्ट्र के पुणे शहर के वाघोली चौक इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, फुटपाथ पर सो रहे दो बच्चों समेत तीन लोगों को एक डंपर ट्रक ने रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घटना कल रात (रविवार) करीब 1 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना केसनंद फाटा के पास वाघोली में रात करीब एक बजे हुई, जब पुणे की एक निजी कंपनी का डंपर फुटपाथ पर आ गया और वहां झुग्गियों में सो रहे सभी मजदूरों को कुचल दिया। घटना के दौरान सभी मजदूर वहां झुग्गियों में सो रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डंपर चालक कथित तौर पर नशे की हालत में था और पुणे से वाघोली जाते समय बिल्डवेल एंटरप्राइजेज के स्वामित्व वाले भारी वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। दुर्घटना स्थल पर भयावह दृश्य था, पीड़ितों और घायलों के शव, चारों ओर खून बिखरा हुआ था और मजदूरों के सामान, कपड़े और बर्तन आसपास बिखरे पड़े थे।

#### शराब के नशे में था ड्राइवर

जोन 4 के पुलिस उपायुक्त हिम्मत जाधव के अनुसार, चालक शराब के नशे में था। उसे आगे की जांच के लिए मोटर वाहन अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। घायल हुए छह अन्य लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। उन्हें ससून अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार को अमरावती से करीब एक दर्जन मजदूर क्षेत्र में विभिन्न निर्माण स्थलों पर मजदूरी करने के लिए यहां पहुंचे थे।

# 'सोमनाथ की हत्या के लिए सीएम फडणवीस जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में हिंसा से प्रभावित परभणी का दौरा करने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र सरकार पर जमकर हमला किया। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने सोमनाथ सूर्यवंशी और उन परिवार के लोगों से मुलाकात की, जो हिंसा का शिकार हुए हैं।

राहुल गांधी ने परभणी केस में पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो और तस्वीरें भी देखी, जिसको लेकर उन्होंने कहा कि ये 100 फीसदी बताता है कि मौत हिरासत में रहने के दौरान हुई है। उनकी हत्या की गई है और मुख्यमंत्री फडणवीस ने विधानसभा में झूठ बोला है। राहुल ने दावा करते हुए कहा कि इस हिंसा के लिए महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस जिम्मेदार हैं।



महाराष्ट्र पहुंचे राहुल का बड़ा दावा

#### परिवार ने दिखाई पीएम रिपोर्ट व वीडियो

परभणी का दौरा करने के बाद राहुल गांधी ने कहा, 'मैंने परिवार और मारे गए और पीटे गए लोगों से मुलाकात की है। उन्होंने मुझे पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो, तस्वीरें दिखाईं। यह बताता है कि मौत 100 फीसदी हिरासत में रहने के दौरान हुई है। उसकी हत्या की गई है और मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदेश देने के लिए विधानसभा में झूठ बोला। इस युवक की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह दलित था और संविधान की रक्षा कर रहा था।' राहुल ने आगे कहा, 'आरएसएस की विचारधारा संविधान को नष्ट करने की है। हम चाहते हैं कि इस मामले का तुरंत समाधान हो और जिन्होंने ऐसा किया है उन्हें सजा मिले कोई राजनीति नहीं हो रही है।.. विचारधारा जिम्मेदार है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है इसलिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिन्होंने उनकी हत्या की है वे जिम्मेदार हैं और जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।'

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# शादी के बंधन में बंधी बैडमिंटन स्टार सिंधु

**राजस्थान के उदयपुर में खास आयोजन**





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु शादी के बंधन में बंध गई हैं। उन्होंने राजस्थान के उदयपुर में शादी की. पीवी सिंधु की शादी में कई दिग्गज पहुंचे।

उन्होंने वेंकट दत्ता साई से शादी की है। वे एक बिजनेसमैन हैं। सिंधु और वेंकट की शादी हिंदू रीति रिवाज से हुई। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सिंधु की शादी में पहुंचे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो भी शेयर की है। सिंधु की शादी में करीबी रिश्तेदारों के साथ कुछ दिग्गजों को भी इनवाइट किया गया था। लेकिन यह सीमित लोगों के साथ ही पूरा हुआ। अब मंगलवार को रिसेप्शन होगा। इसमें कई दिग्गज पहुंच सकते हैं। सिंधु ने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को भी इनवाइट किया था।

वे वेंकट के साथ खुद सचिन क घर पर गई थीं. सिंधु और वेंकट की शादी उदयपुर के होटल राफेल्स में हुई है।

#### स्पेशल साड़ी में नजर आई सिंधु

शादी के लिए दुल्हन का आमतौर पर लाल का लिबास देखा गया है। लेकिन सिंधु ने स्पेशल साड़ी पहनी. उन्होंने गोल्डन क्रीम की कलर की साड़ी को सिलेक्ट किया था। इससे पहले विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की शादी में भी स्पेशल ड्रेस नजर आयी थी। सिंधु गोल्डन क्रीम कलर की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. यजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर

मंगलवार, 24 दिसंबर 2024

पौष कृष्ण पक्ष नवमी

वर्ष : 23, अंक : 158

पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 16.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## अनपढ़ भी पढ़ा सकेंगे स्नातकोत्तर छात्रों को, जरूरी नहीं डिग्री, चाहिए केवल सामाजिक उपलब्धि

हरिभूमि एक्सक्लूसिव


हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

अब स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिए किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है। असाक्षर सहित जिनके पास किसी तरह की कोई डिग्री नहीं है, वे भी छात्रों को पढ़ा सकेंगे। इसके लिए एकमात्र आवश्यकता व्यक्ति के पास सामाजिक उपलब्धि का होना है। दरअसल, रविवि ने प्रोफेसर ऑन प्रैक्टिस के नाम से एक नई योजना प्रारंभ की है। छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए यह प्रयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी जिस विषय के छात्र है, उस विषय से संबंधित क्षेत्र में बेहतर कार्य ⏩ शेष पेज 4 पर

### पूरे सत्र में 4 कक्षाएं

जिन व्यक्तियों को रविवि द्वारा व्याख्यान के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। प्रति व्याख्यान उन्हें 2 हजार 500 रुपए का मानदेय प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति प्रति सत्र अधिकतम 4 व्याख्यान दे सकेंगे। फिलहाल समाजकार्य विभाग से इस योजना की शुरुआत की जा चुकी है। पद्मश्री जागेश्वर यादव रविवि अध्ययनशाला में व्याख्यान देंगे। अपना पूरा जीवन बिरहोर जनजाति की सेवा में ⏩ शेष पेज 4 पर

### विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान देने रविवि का नया प्रयोग



■ प्रोफेसर ऑन प्रैक्टिस योजना के अंतर्गत छात्रों को व्याख्यान देंगे प्रतिष्ठित व्यक्ति

### कोई थ्योरी पाठ्यक्रम नहीं

अपनी योग्यताओं के आधार पर चयनित व्यक्तियों द्वारा किसी तरह के थ्योरी पाठ्यक्रम का अध्यापन नहीं कराया जाएगा। वे पूरी तरह से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देंगे। छात्र कक्षाओं के दौरान उनके सवाल भी पूछ सकेंगे। विद्यार्थी यह जान सकेंगे कि अध्ययन के पश्चात संबंधित क्षेत्र में कार्य करने के दौरान उन्हें किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सकारात्मक चीजें भी वे सीखेंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक व्यावहारिक ज्ञान देने पर फोकस किया गया है। इसे देखते हुए ही रविवि भी प्रोफेसर ऑन प्रैक्टिस के तहत प्रयोग कर रहा है।

बेंगलुरु में दिल दहला देने वाला हादसा

## कंटेनर में दब गईं 6 जिंदगियां



*बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। यहां कार के ऊपर कंटेनर ट्रक पलट गया, जिसके कारण दो बच्चों समेत 6 लोगों की मौत हो गई है। कार में टेक कंपनी के सीईओ थे, जो कि परिवार के साथ विजयपुरा जा रहा था। पुलिस के अनुसार ये हादसा बेंगलुरु के बाहरी इलाके तालेकेरे के निकट नेलमंगला में हुआ है।*






### इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान चंद्रायगप्पा गौल (48), गौराबाई (42), विजयलक्ष्मी (36), जॉन (16), दीक्षा (12) और आर्या (छह) के रूप में हुई है।

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म

# पांचवी और आठवीं में फेल छात्र अगली कक्षा में नहीं होंगे प्रमोट

*केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बड़ा फैसला करते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया। अब कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को पास नहीं किया जाएगा। पहले फेल होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।*

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

केंद्र ने वर्ष के अंत में परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहने वाले कक्षा 5 और 8 के छात्रों के लिए 'अनुत्तीर्ण न करने की नीति' को खत्म कर दिया है। वर्ष 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में संशोधन के बाद, कम से कम 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही इन दो कक्षाओं के लिए 'अनुत्तीर्ण न करने की नीति' को खत्म कर दिया है। राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद यदि कोई बच्चा समय-समय पर अधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है तो उसे परिणाम की घोषणा की तारीख से दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया, 'यदि पुनः परीक्षा में बैठने ⏩ शेष पेज 4 पर

### प्रारंभिक शिक्षा में पढ़ाई के स्तर में सुधार करने की दिशा में बड़ा कदम

देशभर में 16 दिसंबर से प्रभावी होगा नया नियम

### इन स्कूलों में लागू होगा नया नियम

शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यह अधिसूचना केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3,000 से अधिक स्कूलों पर लागू होगी।

### छात्र फेल हुए तो क्या?

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से अब पॉलिसी खत्म करने के बाद यदि कोई छात्र 5वीं और 8वीं में फेल होता है, तो उसे दो माह के अंदर एग्जाम को पास करना होगा। अगर छात्र परीक्षा में सफल नहीं होता है तो उसे आगे की कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा।



### राज्य खुद लेंगे अपना निर्णय

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चूंकि स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बच्चे को रोके रखने के दौरान शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो अभिभावक का भी मार्गदर्शन करेंगे। वहीं, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।

### *16 राज्य पहले ही खत्म कर चुके*

*16 राज्यों और दिल्ली सहित दो केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही इन दो कक्षाओं के लिए 'अनुत्तीर्ण न करने की नीति' को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, हरियाणा और पुडुचेरी ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है, जबकि शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने नीति को जारी रखने का फैसला किया है।*

### यहां पहले ही खत्म

जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने इस नीति को खत्म कर दिया है, उनमें असम, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, दादरा और नगर हवेली और जम्मू कश्मीर शामिल हैं।

### नो डिटेंशन पॉलिसी?

नो डिटेंशन पॉलिसी शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की एक अहम नीति थी। इस नीति के तहत कक्षा पांच और आठ के बच्चों को वार्षिक परीक्षा में फेल नहीं किया जाता था। इस नीति के तहत, सभी छात्र पारंपरिक परीक्षाओं का सामना किए बिना अपने आप अगली कक्षा में प्रमोट हो जाते थे। यह नीति बच्चों के सतत और व्यापक मूल्यांकन पर जोर देती थी।

## बलौदाबाजार के असली मुजरिम बाहर, वित्त मंत्री बताएं-सनी लियोनी को क्यों दे रहे पैसे?



हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर

बेरोजगारी, नशे के बढ़ते व्यापार, लचर कानून व्यवस्था, लूट, चोरी, डकैती और बलात्कार सहित कई मुद्दों को लेकर सोमवार को युवा कांग्रेस ने सीएम हाउस कूच किया।

■ युवा कांग्रेस ने घेरा सीएम हाउस, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार को घेरा

इस दौरान पुलिस से भीड़ की जमकर झूमाझटकी हुई। फोर्स ने पानी की बौछार, लाठियां लहराकर उनको रोकने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने दो बेरीकेड्स तोड़ दिए। घेराव में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी शामिल हुए। घेराव से पहले रैली को संबोधित करने के दौरान पूर्व सीएम ने सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा, जो वादे कर सरकार सत्ता ⏩ शेष पेज 4 पर







### *जुटे 3 हजार कार्यकर्ता व पदाधिकारी*

*युवा कांग्रेस सहित विभिन्न इकाइयों के लगभग 3 हजार 500 पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधी मैदान में जुटे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर प्रदेश में जगह-जगह अपराध बढ़ गए हैं। राजधानी रायपुर अब चाकूपुर के नाम से जानी जाती है। दिनदहाड़े सेंट्रल जेल के सामने गोली चल जाती है। कवर्धा में आम जनता की पुलिस द्वारा मार-मार कर हत्या कर दी जाती है। महापौर एजाज डेबर, सभापति प्रमोद दुबे, विधायक बालेश्वर साहू, यूथ कांग्रेस प्रभारी शेषनारायण ओझा, महासचिव पूर्णचंद पाढ़ी आदि मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ता और पुलिस के बीच जमकर खींचतान हुई। कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग तोड़े जाने के बाद पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया।*

पुलिस अफसर के नाम से आया फोन

## इंजीनियर को 'डिजिटल अरेस्ट' कर ठगे 11 करोड़

एजेंसी ⏩ बेंगलुरु

बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार हो गया। उसे 11.8 करोड़ रुपए का उस वक्त चूना लग गया, जब जालसाजों ने पुलिस अधिकारी बनकर दावा किया कि उसके आधार कार्ड का दुरुपयोग धनशोधन के लिए बैंक खाते खोलने में किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह धोखाधड़ी 25 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच हुई। शिकायत में 39-वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने आरोप लगाया कि 11 नवंबर को उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को ट्राई का अधिकारी बताया।



### *ऐसे हुई ठगी*

*प्राथमिकी में कहा गया है कि उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया, जिसमें उन्हें स्काइप ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। इसके बाद मुंबई पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति ने उन्हें वीडियो कॉल किया और दावा किया कि एक व्यवसायी ने उनके आधार का इस्तेमाल करके छह करोड़ रुपए के लेनदेन के लिए बैंक खाता खोला है।*

## कांबली की हालत बिगड़ी, दो बार दिल का दौरा

ठाणे। भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली को ठाणे जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सीय जांच में उनके मस्तिष्क में खून के थक्के जमने का पता चला है। बताया जा रहा है कि उन्हें दो बार दिल का दौरा पड़ चुका है। कांबली (52) का इलाज कर रहे डॉ. विवेक त्रिवेदी ने कहा कि पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने शुरुआत में मूत्र संक्रमण और ऐंठन की शिकायत की जिसके बाद उन्हें शनिवार को भिवंडी शहर के काल्हेर इलाके में शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मस्तिष्क में खून के थक्के जमने की खबर

## किसानों का बड़ा नुकसान, बीज कंपनी जवाबदारी से बच नहीं सकती

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने एक बीज कंपनी द्वारा घटिया बीजों की सप्लाई करने पर हुई एफआईआर को रद्द करने पेश अपराधिक याचिका को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस की डीबी ने कहा कि गरीब किसानों का बड़ा नुकसान करने वाली कंपनी अपनी जवाबदारी से बच नहीं सकती है। याचिकाकर्ता विगोर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के कर्मचारी हैं। कम्पनी ⏩ शेष पेज 4 पर

■ किसानों को घटिया बीजों की सप्लाई, एफआईआर रद्द की याचिका हाईकोर्ट से खारिज



### कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ संज्ञेय अपराध

इस एफआईआर को रद्द कराने कंपनी ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल मिसलेनियस पिटीशन पेश की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस एके प्रसाद की डीबी में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि विवाद एक सिविल प्रकृति का है तथा गोकुल प्रधान ने ⏩ शेष पेज 4 पर

मशहूर डायरेक्टर श्याम बेनेगल का निधन

## 90वें जन्मदिन के नौ दिन बाद बेनेगल ने छोड़ी दुनिया

जन्म
14 दिसंबर 1934

निधन
23 दिसंबर-24



मुंबई। फिल्मी दुनिया से सोमवार को एक बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, दिग्गज निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन हो गया है। हाल ही में उन्होंने अपना 90वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। एक्ट्रेस शबाना आजमी ने अपने इंस्टाग्राम इस पार्टी की तस्वीरें शेयर की थीं। फोटो में श्याम बेनेगल, शबाना और नसीरुद्दीन शाह संग हंसते मुस्कुराते नजर आए थे। निर्देशक का जन्म 14 दिसंबर को हुआ था।

### अंकुर से निर्देशन की शुरुआत

श्याम बेनेगल ने 1974 में फिल्म 'अंकुर' से निर्देशन की शुरुआत की थी। ये फल्मि सामाजिक मुद्दों पर आधारित थी। इस फिल्म ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला दी थी। इसके अलावा भी उन्होंने महत्वपूर्ण फिल्में बनाई थीं। उन्होंने 'निशांत', 'मंथन', 'भूमिका' और 'सरदारी बेगम' जैसी यादगार फल्मिें बनाईं, जिन्हें आज भी याद किया जाता है।




## चिंतन

# नो डिटेंशन नीति खत्म होने से शिक्षा के स्तर सुधरेंगे

केंद्र सरकार ने प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए एक और कदम उठाया है। 5वीं और 8वीं कक्षा में फेल होने पर अब विद्यार्थी प्रोमोट नहीं होंगे। फेल होने वालों को दो महीने में दोबारा परीक्षा में भाग लेना होगा। उसमें भी फेल होने पर हालांकि बच्चे स्कूल से नहीं निकाले जाएंगे, लेकिन वे अगली कक्षा में नहीं जा सकेंगे, उन्हें उसी कक्षा में रहना होगा। दरअसल, हाल के वर्षों में परीक्षा में पास होने के दबाव के चलते बच्चों में तनाव बढ़ने और आत्महत्या के मामले सामने आने के बाद सरकार ने 5वीं व 8वीं कक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को भी प्रोमोट करके अगली कक्षा में जाने का प्रावधान कर दिया था, इससे बच्चों की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी। प्राथमिक शिक्षा का स्तर गिर रहा था। इसलिए सरकार ने नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म कर दी है। नई शिक्षा नीति पहले से ही काफी उदार और लर्निंग आधारित है। उसमें ऐसी नीति की जरूरत भी नहीं है। केंद्र सरकार की नई पॉलिसी का असर केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित करीब तीन हजार से ज्यादा स्कूलों पर पड़ेगा। 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश (दिल्ली और पुडुचेरी) नो-डिटेंशन पॉलिसी पहले ही खत्म कर चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं। 2016 में सेंट्रल एडवाइजरी बोर्ड ऑफ एजुकेशन (सीएबीई) ने तबके मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) को 'नो डिटेंशन पॉलिसी' हटाने का सुझाव दिया था। सीएबीई ने तब तर्क दिया था कि इस पॉलिसी की वजह से विद्यार्थियों के सीखने का स्तर गिर रहा है। शिक्षा पर टीएसआर सुब्रमण्यम कमेटी और सीएबीई के तहत बनाई गई वासुदेव देवनानी कमेटी ने नो डिटेंशन पॉलिसी को रद करने की सिफारिश की थी। यह बात भी प्रकाश में आई कि, नो डिटेंशन पॉलिसी के अंतर्गत छात्रों का मूल्यांकन करने के लिए शिक्षकों के पास पर्याप्त साधन नहीं थे। अधिकतर मामलों में छात्रों का उचित मूल्यांकन ही नहीं किया जाता था। देशभर में 10 फीसदी से भी कम स्कूलों में नो डिटेंशन पॉलिसी के हिसाब से शिक्षक और मूल्यांकन ढांचा पाया गया। इस नीति में स्कूलों का जोर अधिक से अधिक दाखिले पर था, जबकि पठन-पाठन का स्तर गिरता रहा। इससे छात्र पढ़ाई के प्रति लापरवाह होते गए, क्योंकि उन्हें फेल होने का डर ही नहीं था। नो डिटेंशन पॉलिसी राइट टू एजुकेशन 2009 का हिस्सा थी। ये सरकार की पहल थी, जिससे भारत में शिक्षा की स्थिति में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य था कि बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल दिया जा सके ताकि वो स्कूल आते रहें। उस वक्त माना गया कि फेल होने से विद्यार्थी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती है व बच्चे शर्म महसूस करते हैं जिससे पढ़ाई में वो पिछड़ सकते हैं। कई टेंशन में आ जाते हैं। इसलिए नो डिटेंशन पॉलिसी लाई गई जिसमें 8वीं तक के बच्चों को फेल नहीं किया जाता था। जुलाई 2018 में लोकसभा में राइट टु एजुकेशन को संशोधित करने के लिए बिल पेश किया गया था। इसमें स्कूलों में लागू 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म करने की बात थी। इसके अनुसार 5वीं और 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नियमित परीक्षा की मांग की गई थी। इसी के साथ फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिए दो महीने के अंदर री-एग्जाम कराने की भी बात थी। 2019 में यह बिल राज्यसभा में पास हुआ। इसके बाद राज्य सरकारों को ये हक था कि वो नो डिटेंशन पॉलिसी हटा सकते हैं या लागू रख सकते हैं। कई राज्यों ने इस नीति को हटा दी थी। अब जबकि केंद्र सरकार ने नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दी है, तो यह अब पूरे देश में लागू हो जाएगा। केंद्र के इस कदम से प्राथमिक शिक्षा के स्तर में सुधार देखने को मिलेगा। अब विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर लापरवाह नहीं रहेंगे। इससे वे पढ़ाई पर ध्यान देंगे।

## खोज

डा. मोनिका शर्मा



# कैंसर वैक्सीन : जीवन सहेजने की जगी आशा

कैंसर की व्याधि हमारे देश में ही नहीं दुनियाभर में एक बड़ी आबादी का जीवन लीलने वाली बीमारी बन गई है। यही वजह है कि रूस द्वारा कैंसर की वैक्सीन बना लेने का दावा इस भयावह रोग से जूझती दुनिया के लिए जीवन सहेजने की आशा को बल देने वाला है। इस जानलेवा बीमारी से दुनिया के हर भू-भाग पर बसे लोग जंग लड़ रहे हैं हर आयु वर्ग की महिलाएं और पुरुष कैंसर का शिकार बन रहे हैं। यहाँ तक कि बच्चे भी इस व्याधि के घेरे में आ रहे हैं। ऐसे में कैंसर के विरुद्ध जीवन की जंग जीतने का रूस द्वारा किया गया दावा समग्र वैश्विक समाज की उम्मीदों से जुड़ा है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि कैंसर के इलाज के लिए एक वैक्सीन विकसित कर ली गई है। कैंसर की रोकथाम के लिए नहीं, बल्कि कैंसर से जूझ रहे मरीजों के इलाज में उपयोगी इस टीके को बना लिए जाने की पुष्टि वहाँ के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के प्रमुख आंद्रेई कैप्रिन ने की है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इस वैक्सीन को 2025 की शुरुआत से मरीजों को निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

चिंतनीय है कि हमारे देश में भी इस जानलेवा व्याधि के आंकड़े तेज़ी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हमारे यहाँ प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख से अधिक कैंसर के नए मामले सामने आते हैं। दुनियाभर में कैंसर के सबसे अधिक रोगियों की सूची में भारत तीसरे स्थान पर है। वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड इंटरनेशनल का अध्ययन बताता है कि सबसे अधिक कैंसर के मामले चीन में हैं। उसके बाद अमेरिका और तीसरे नंबर पर भारत है। चीन में लगभग 48 लाख, लगभग 23 लाख और भारत में करीब 14 लाख से ज्यादा लोग कैंसर की जद में हैं। भारतीय महिलाओं में तो स्तन कैंसर की व्याधि बड़ा जोखिम बन गई है। भारत में 2022 में सामने 14.13 लाख कैंसर के मामलों में 9.16 लाख लोगों की मौत हुई थी। कुछ समय पहले हुए अध्ययन मुताबिक स्तन कैंसर कुल कैंसर मामलों का 13.5 प्रतिशत था। यह आंकड़ा हमारे देश में होने वाली सभी मौतों में 10.6 प्रतिशत है। चिंतनीय है कि हमारे यहाँ इलाज की शुरुआत करने वाली 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं स्तन कैंसर के चरण 3 और 4 से पीड़ित होती हैं। परिणामस्वरूप बड़े शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक, स्तन कैंसर की व्याधि स्त्रियों का जीवन लील रही है। इन हालातों में कैंसर रोगियों के बढ़ते आंकड़ों से जुड़ी सबसे बड़ी चिंता यही है कि अभी तक इस बीमारी का कोई टीका उपलब्ध नहीं है। विडम्बना ही है कि हमारे देश को आज दुनिया का कैंसर कैपिटल कहा जाने लगा है। तंबाकू के बढ़ते इस्तेमाल से लेकर पर्यावरण प्रदूषण और असंयमित जीवनशैली तक, अनगिनत कारण इस व्याधि का आंकड़ा बढ़ा रहे हैं। चिकित्सकों ने भी चेताया है कि आगामी वर्षों में इस लाइलाज बीमारी के हालात और बिगड़ सकते हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार अगले दशक में कैंसर रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना है। 2040 तक कैंसर पीड़ितों का आंकड़ा के दोगुना होने का अनुमान है।

दुखद है कि रोगी को शारीरिक-मानसिक मोर्चे पर कमजोर करने वाली इस व्याधि का लंबा चलने वाला इलाज परिवार को भी आर्थिक रूप से कमजोर कर देता है। इतना ही नहीं यह स्थिति स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी के मुताबिक हमारे यहाँ मुख, फेफड़े, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा और पेट के कैंसर के मामले सबसे अधिक हैं। सांस्कृतिक यानी जीवनशैली जनित स्थितियाँ और पर्यावरणीय परिस्थितियाँ इनका अहम कारण हैं। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ रहे कैंसर के मामले धूम्रपान, शराब सेवन, निष्क्रिय-तनावपूर्ण जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर भोजन से गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में जागरूक सोच, सजगता और स्वस्थ जीवनशैली से ही इस व्याधि को परास्त किया जा सकता है। साथ ही अच्छी चिकित्सा व्यवस्था और सटीक उपचार भी जीवन सहेजने के लिए आवश्यक हैं। यही वजह है कि इस बीमारी के निदान और उन्नत इलाज से जुड़े अध्ययनों के सकारात्मक परिणामों की प्रतीक्षा दुनिया के हर देश को है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

ओमकार चौधरी

# बीस वैश्विक सर्वोच्च सम्मान के मायने

**नरेन्द्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर आफ़ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। इस्लामिक देशों की ओर से पहली बार उन्हें इस तरह का सम्मान नहीं मिला है, इससे पूर्व भी कई मुसलिम देश उन्हें अपने यहां के 'सर्वोच्च सम्मान' से नवाज़ चुके हैं। क़रीब साढ़े दस साल में उन्हें दुनिया के बीस देशों का शिखर सम्मान मिल चुका है। यह अपने आप में अनूठा कीर्तिमान है क्योंकि उनसे पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को दुनिया में इतना सम्मान नहीं मिला। उन्हें 2016 में दो देशों ने, 2018 में फिलिस्तीन, 2019 में यूएई, बहरीन और मालदीव, 2020 में अमेरिका ने, 2023 में पाँच देशों ने जबकि 2024 में अब तक सात देशों ने सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया है।**

तेरह सितंबर 2013 को जब गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी की ओर से 2014 के लिए प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया, तब कांग्रेस सहित विपक्ष के कई दलों ने नाक-भौं सिकोड़ते हुए नुक्ताचीनी की थी। तब के केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि वो तो कूप मंडूक हैं। गुजरात के बाहर वो जानते ही क्या हैं ? बतौर प्रधानमंत्री मोदी विदेश नीति पर कैसे काम करेंगे, उन्हें तो कुछ जानकारी ही नहीं है। बाद में इससे और दो कदम आगे बढ़कर ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के मौके पर मीडिया में मणिशंकर अय्यर ने वो आत्मघाती बयान दे डाला था कि नरेन्द्र मोदी इक्कीसवीं सदी में प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे नहीं बनेंगे नहीं बनेंगे। वो चाहें तो यहां चाय की दूकान खोल लें, हम उन्हें ज़मीन उपलब्ध करा देंगे। नरेन्द्र मोदी 2014 में न केवल भारत के प्रधानमंत्री बने बल्कि वो 2019 में भी पीएम चुने गए और अब 2024 में तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके प्रमाणिक नेतृत्व के कारण ही नागरिकों ने लगातार तीसरी बार कांग्रेस और उसके नेतृत्व राहुल गांधी को नकार दिया। रविवार को उन्हीं नरेन्द्र मोदी को बतौर प्रधानमंत्री कुवैत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'आर्डर आफ़ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। इस्लामिक देशों की ओर से पहली बार उन्हें इस तरह का सम्मान नहीं मिला है, इससे पूर्व भी कई मुसलिम देश उन्हें अपने यहां के 'सर्वोच्च सम्मान' से नवाज़ चुके हैं। क़रीब साढ़े दस साल में उन्हें दुनिया के बीस देशों का शिखर सम्मान मिल चुका है। यह अपने आप में अनूठा कीर्तिमान है क्योंकि उनसे पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को दुनिया में इतना सम्मान नहीं मिला। उन्हें 2016 में सऊदी अरब और अफ़ग़ानिस्तान ने, 2018 में फिलिस्तीन, 2019 में संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और मालदीव, 2020 में अमेरिका ने, 2023 में पाँच देशों फिजी, पापुआ न्यू गिनी, मिस्र, फ्रांस और ग्रीस ने जबकि 2024 में अब तक सात देशों रूस, भूटान, नाइजीरिया, डोमिनिका, गुयाना, बारबाडोस और कुवैत ने सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत किया है।

जहां तक कुवैत द्वारा दिए गए इस 'सम्मान' का प्रश्न है, 'ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' उसका प्रतिष्ठित नाइटहुड पुरस्कार है, जो राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को दिया जाता है। इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसी हस्तियों को दिया जा चुका है। इसकी स्थापना 1974 में हुई थी। यह कुवैत के ऐतिहासिक नेता मुबारक अल-सबाह की स्मृति में दिया जाता है, जिन्होंने 1897 में कुवैत को स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित किया था।

2014 में जब मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब अपने शपथ समारोह में सार्क देशों के प्रमुखों को आमंत्रित तक उन्होंने आस-पड़ोसियों से रिश्ते मज़बूत करने के संकेत दे दिए थे। पहले पाँच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने दुनिया के ऐसे कई देशों की यात्रा कीं, जहां दशकों से कोई प्रधानमंत्री गया ही नहीं था। दुनिया की प्रमुख शक्तियों से उन्होंने दोस्ताना रिश्तों को न केवल नई ऊर्जा प्रदान की अपितु भारत में पूंजी निवेश का मार्ग भी प्रशस्त किया। वह जहां भी गए, वहां की बड़ी



कंपनियों के सीईओ और औद्योगिक घरानों के प्रमुखों से बात की और उन्हें भारत आमंत्रित भी किया। मेक इन इंडिया, मेड़ इन इंडिया, स्टार्टर से लेकर तमाम प्रोजेक्ट और कार्यक्रमों के ज़रिए न केवल भारतीय टेलेंट को अवसर उपलब्ध कराए बल्कि दुनिया के लिए द्वार खोले। जहां आवश्यकता अनुभव की, वहां वाइब्रेंट गुजरात का मॉडल भी लागू किया। अपने दूसरे कार्यकाल में वह इन रिश्तों को दूसरे पायदान पर ले गए। विकसित ही नहीं, कई विकासशील देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ उनकी निकटता और घनिष्ठता रंग लाती हुई दिखाई देने लगी। सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का प्रश्न हो अथवा वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका हो, उनके प्रयासों की धमक सुनाई देने लगी। यह उनकी स्वतंत्र और आक्रामक परंतु सूझ-बूझ वाली कूटनीति का ही नतीजा था कि जब यूक्रेन के साथ युद्ध छिड़ने के बाद अमेरिका और नाटो देशों ने रूस को दुनिया में अलग-थलग करने की कोशिश की, तब भारत मजबूती के साथ अपने पुराने मित्र के साथ खड़ा नज़र आया।

2014 के बाद की विश्व की घटनाओं, दुर्घटनाओं, आपदाओं और बदले हुए वर्ल्ड आर्डर पर जब नज़र दौड़ाते हैं तो बहुत सारी चीजें ज़ेहन में उतर आती हैं। कोविड का विनाशकारी काल हो या चीन की ओर से इस पूरे क्षेत्र में कई देशों के समक्ष पेश की जा रही चुनौती हो, कई देशों की उथल-पुथल रही हो या रूस-यूक्रन, इजरायल-हमास-हिजबुल्ला-ईरान के बीच की जंग, मोदी की अगुआई में भारत ने बेहद सूझ-बूझ के साथ हर चुनौती का सामना किया है और इन सभी घटनाक्रमों में एक सार्थक भूमिका भी अदा की है। यूक्रेन युद्ध के आलाप में भारत के रूस के साथ रिश्तों को लेकर अमेरिका ने दबाव बनाने की कोशिश की। वहां से ईंधन न खरीदने का प्रेशर डाला। उससे एस-400 प्रणाली न खरीदने को कहा परंतु भारतीय नेतृत्व ने उसे हिंदी में समझा दिया कि उसकी विदेश नीति का आधार सर्वोच्च राष्ट्रहित है। यह सही है कि पिछली डेढ़-दो दशक में हमारे अमेरिका से रिश्ते बहुत बेहतर हुए हैं परंतु बराक ओबामा रहे हों या ट्रंप, बीच में बाइडन आए हों या अब फिर से ट्रंप अमेरिका की कमान संभालने जा रहे हों, सबको संदेश साफ़ है कि भारत उसके साथ मित्रता के भाव से काम करेगा, किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। हमारे आस-पड़ोस में भी इस दौरान काफी उथल-पुथल रही। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान में सरकारों के तख़्ते उलट दिए गए। पाकिस्तान में आर्थिक संकट भी रहा और हमेशा की तरह सरकार-सेना के बीच उठा-पटक भी। नेपाल की चीन परस्ती हो या बांग्लादेश में कट्टरपंथी तत्वों की हरकतें, भारत ने इन सबसे शानदार तरीके से डील किया है और हर घटना पर रिएक्ट करते समय भारतीय हितों को सर्वोच्च रखा है।

मोदी के नेतृत्व वाले बदले हुए भारत दुनिया को यह संदेश भेजने में सफल रहा है कि वह अब केवल बिग-मार्केट नहीं है उनके लिए। वह पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है, तीसरी बनने की दिशा में बढ़ रहा है। जानी-मानी मल्टीनेशनल कंपनियों और प्रतिभाओं के लिए संभावनाओं के द्वार खोल चुका है। विश्व के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों में अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। नई दिल्ली में जी-20 देशों के सफल सम्मिट के उपरांत दुनिया के देशों ने मोदी की लीडरशिप क्वालिटी का लोहा माना है। जिन्हें वहम था कि वह गुजरात के कूप मंडूक हैं, वो अब मुँह छुपाते घूम रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित

## दर्शन

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

# गुरु की सीख से मुश्किलें होती है दूर



संकलित

## प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## महाकुंभ 2025



प्रयागराज में सोमवार को महाकुंभ मेले से पूर्व नागा साधु रुद्राक्ष की माला पहने धुनी रमाते हुए।

## आज की पाती

### किसानों से संवाद जरूर हो


23 दिसंबर को किसान दिवस मनाया जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने किसानों की दशा और उनकी जिंदगी में सुधार लाने के लिए अपने कार्यकाल में उनके लिए बहुत-सी नीतियों को हरी झंडी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर किसानों की दशा सुधरेगी तो देश सुधरेगा। उन्होंने किसानों की दशा सुधारने के लिए देश को आजाद होने से पहले भी और बाद में भी खूब प्रयास किए। उनकी बदौलत ही वर्ष 1952 में जमींदारी उन्मूलन विधेयक पारित हो सका था। आज स्थिति यह है कि किसानों की समस्याओं की तरफ गंभीरता दिखाने वाले कम और उनके मुद्दों पर राजनीति करने वाले राजनीति में बहुत हो गए हैं। किसान आज आंदोलित हैं। सरकार को गंभीरता से उनके साथ संवाद करना चाहिए।

*- मदन चंद्राकर, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# टिकटॉक पर प्रतिबंध जल्दबाजी में नहीं

अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा वीडियो सेवा 'टिकटॉक' पर शनिवार को लगाया गया प्रतिबंध, 'किसी एक घटना पर जल्दबाजी में लिया गया फैसला नहीं है।' अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने शनिवार को 'टिकटॉक' पर, खासकर बच्चों में, हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बंद किए जाने की घोषणा की थी। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में 'टिकटॉक' पर शुरू हुए झगड़े के उपरांत एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठकें कीं। उनमें से 90 प्रतिशत ने 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध का समर्थन किया।रामा ने रविवार को कहा, 'अल्बानिया में एक साल के लिए टिकटॉक पर प्रतिबंध, किसी एक घटना को लेकर जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं है, बल्कि देशभर के स्कूलों में अभिभावक के परामर्श के बाद सोच-समझकर लिया गया फैसला है।' वहीं, टिकटॉक ने चाकू घोंपने वाले किशोर के मामले में अल्बानिया सरकार से तत्काल स्पष्ट जानकारी मुहैया कराने को कहा है। कंपनी ने कहा कि उसे 'इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि अपराधी या पीड़ित का 'टिकटॉक अकाउंट' था।




## ऑफ बीट

# काम से उचित ब्रेक लेना स्वास्थ्य के लिए अच्छा

हमेशा काम में ही जुटे रहना ठीक नहीं होता। यहां तक कि जब हम छुट्टी पर होते हैं, तब भी हमारे फोन और लैपटॉप हमें व्यस्त रखते हैं। हममें से कई लोग खुद से वादा करते हैं कि हम छुट्टी के दौरान ईमेल नहीं देखेंगे। लेकिन हम ऐसा ही करते हैं। कार्यस्थल से दूर होना और यहां तक कि किसी नए स्थान पर होना भी, मनोवैज्ञानिक रूप से अक्सर काम से दूरी के लिए पर्याप्त नहीं होता है। हम छुट्टियों के दौरान भी उस 'प्रोजेक्ट' के बारे में सोच रहे होते हैं जिसे हमें जल्द से जल्द पूरा करना है या फिर हमारे बजाय किसी और के उस 'प्रोजेक्ट' से जुड़ने के कारण हम खुद को दोषी महसूस कर सकते हैं।'डिजिटल मौजूदगी' हमारे नियोक्ताओं ने भले ही स्पष्ट रूप से नहीं कहा हो, लेकिन फोन और लैपटॉप के होने से हमेशा यह अपेक्षा बनी रहती है कि हम किसी भी वक्त आसानी से उपलब्ध रहेंगे, यहां तक कि काम के सामान्य कार्य घंटों के अलावा भी हमसे काम के लिए उपलब्ध रहने की अपेक्षा की जाती है। जुड़ाव या 'डिजिटल उपस्थिति' की यह भावना, हमें तनावग्रस्त, चिंतित और थकान पैदा कर हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। हालांकि, जब हम कार्यालय से बाहर हों या छुट्टी पर हों तो अपने कार्य उपकरणों को बंद करके इन समस्याओं से दूर रह सकते हैं।



## X ट्रेंड

### सिंह किसानों को समर्पित



पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह किसानों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध थे। कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी आधार हैं। 122वीं जयंती पर श्री सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यह संकल्प लेने का अवसर है कि भारत के उत्थान के लिए कृषि अहम है। **-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### किसान दिवस की शुभकामनाएं



किसान ही हिन्दुस्तान है। सभी किसान बहन-भाइयों को, खेत-मज़दूरों को किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश के किसानों के लिए संघर्षरत रहे, भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### सबकी नीयत में खोट



संविधान के निर्माता डा. बीआर आंबेडकर का अनादर/अपमान व उनके करोड़ों अनुयायियों के प्रति हीन भावना का दुखद परिणाम है कि परभणी जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुईं। साबित है कि कांग्रेस व भाजपा आदि कोई इनका सच्चा हितैषी नहीं। सबकी नीयत, नीति में खोट है।।

**- मायावती, बसपा प्रमुख व पूर्व सीएम**

### यूपी क्राइम में नंबर वन



उत्तर प्रदेश अब 'इज ऑफ़डूइंग क्राइम' में हुआ नंबर एक। आज का एपिसोड... लखनऊ का ओवरसीज बैंक, जहाँ लॉकर काटकर बहुमूल्य सम्पदा चोरी हुई। कल सहारनपुर में बैंक लुटा था।

**-अखिलेश यादव, पूर्व सीएम**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## हिंदू समुदाय ने दिखाई एकजुटता

# कनाडा में यहूदियों को बचाने के लिए मैदान में उतरे हिंदू, लगे जय श्रीराम के नारे, बोले- हम साथ-साथ

एजेंसी ▶▶| ओटावा

कनाडा में यहूदी विरोधी हेट क्राइम में वृद्धि के बाद वहां रहे रहे हिंदू समुदाय के लोगों ने यहूदियों के प्रति एकजुटता दिखाई है। टोरंटो के बाथर्स्ट और शेपर्ड में कनाडाई यहूदी समुदाय की रक्षा के लिए बड़ी संख्या में हिंदू कनाडाई सामने आए। जस्टिन टूडो के देश में हाल के दिनों में यहूदी विरोधी घटनाओं, धमकियों और हेट क्राइम में वृद्धि देखी गई है। पिछले सप्ताह कनाडा में यहूदी संस्थानों पर कई हाई-प्रोफाइल हमले हुए थे।

**खास बातें**

- पिछले हफ्ते कनाडा में यहूदियों पर कई हमले हुए
- यहूदियों के खिलाफ हिंसा को लेकर हिंदुओं ने जताया विरोध




### हिंदुओं ने दिया यहूदियों को संदेश

*उसने कहा, हम अपने इजराइली और यहूदी भाइयों के साथ खड़े होकर ये बताना चाहते हैं कि वे कनाडा में सुरक्षित हैं। एक अन्य युवक ने कहा कि कनाडा में हिंदू यहूदियों के साथ हैं। हम यहां यहूदियों के अधिकारों के लिए हैं। यहूदियों के पास भी उसी तरह से अधिकार हैं, जिस तरह से दूसरे लोगों के लिए अधिकार हैं। हम हिंदू यहां यहूदियों के ग्रेट कनाडा में शांतिपूर्वक रहने के अधिकार के प्रति समर्थन जताते हैं।*

### यहूदियों के खिलाफ हिंसा बढ़ी

कनाडा में हाल के दिनों में यहूदी विरोधी घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले सप्ताह बुधवार को मॉन्ट्रियल में एक यहूदी पूजास्थल में आगजनी के बाद शुक्रवार को टोरंटो में एक यहूदी प्राथमिक विद्यालय में गोलीबारी भी की गई थी। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इन घटनाओं और उनसे पहले की अन्य घटनाओं की निंदा की है। वहीं, कनाडा में रहने वाले यहूदी समुदाय में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो यह मानते हैं कि सरकार ने नफरत को बढ़ने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं।

# तालिबान सरकार को सउदी से भी मिली मान्यता

एजेंसी ▶▶| काबुल

**तीन साल बाद काबुल में दूतावास शुरू**

दुनियाभर के देशों से मान्यता लेने की कोशिश कर रही अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के लिए राहत भरी खबर आई है। सऊदी अरब सरकार ने तीन साल बाद काबुल के साथ एक बार फिर से राजनयिक संबंध बहाल करने का फैसला लिया है। इस फैसले के बारे में रियाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जानकारी दी। सऊदी अरब सरकार के इस फैसले का अफगान विदेश मंत्रालय ने भी स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद ने कहा कि हमें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच में इन गतिविधियों के माध्यम से संबंध और बहाल होंगे और दोनों देशों के बीच में सहयोग की भावना भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि रियाद के इस कदम से हम सऊदी अरब में रहने वाले अफगानों की समस्याओं का भी जवाब देने में सक्षम होंगे।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ साल में 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। पीएम नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। आज के दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं। पीएम ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है।

### आज से अमेरिका के छह दिवसीय दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार 24 दिसंबर से अमेरिका के छह दिवसीय दिवसीय दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि विदेश मंत्री की यह यात्रा 24 दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर को समाप्त होगी। इसमें एस.जयशंकर अपने समकक्षों से मुलाकात करेंगे और उनसे द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री अपनी अमेरिका यात्रा में भारत के महावाणिज्य दूतों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। मालूम हो कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा जब भारत की तरफ से यह उच्च स्तरीय दौरा किया जाएगा। जिसमें विदेश मंत्री अमेरिका जाएंगे।

## देश के उत्तरी हिस्से सहित कई राज्यों में शीतलहर

# हिमाचल, उत्तराखंड में बर्फबारी, बदरीनाथ और केदारनाथ धाम भी बर्फ के आगोश में

एजेंसी ▶▶| शिमला

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है। सोमवार सुबह से रोहतांग दर्रा के साथ ऊंची चोटियों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। रोहतांग में 10 सेंटीमीटर तक ताजा बर्फबारी रिकार्ड की गई है।

मौसम में आए बदलाव से कुल्लू व लाहौल प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। वहीं, राजधानी शिमला में भी बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। बर्फ के कारण वाहन भी स्किड हो रहे हैं। बर्फबारी होता देख पर्यटकों में खुशी की लहर है, क्योंकि पर्यटक मन में बर्फबारी के दीदार की इच्छा लिए ही हिमाचल पहुंचते हैं।

### छह दिन तक शीतलहर जारी

प्रदेश में अगले छह दिनों तक शीतलहर जारी रहेगी। मैदानी इलाकों में 24 और 25 को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। मंडी, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और चंबा के कई इलाकों में पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है। सोमवार को ताबो में माइनस 10.2 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। ऊना, हमीरपुर और बिलासपुर में भी कोहरे के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कड़ाके की ठंड पड़ रही है।



*शिमला। शिमला में सबसे मशहूर वहां की टॉय ट्रेन है। इस दौरान बर्फबारी का नजारा टॉय ट्रेन से देखने लायक ही है। बर्फबारी के बाद हेरिटेज कालका शिमला ट्रेन।*

### केदारनाथ और बदरीनाथ में हुई साल की पहली बर्फबारी स्वर्ग जैसा दिखा नजारा

**ऊखीमठ रुद्रप्रयाग।** केदार घाटी के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी होने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं पूरे दिन बादल छाए रहने से घाटी वाले क्षेत्रों में भी शीतलहर देखने को मलि रही है। केदारनाथ, मदमहेश्वर, तुंगनाथ के साथ ही ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी होने से मौसम काफी ठंडा हो गया है। केदारनाथ धाम में चल रहे पुर्ननिर्माण कार्य भी सोमवार को पूरी तरह बंद कर दिए गए है।



### मनाली में भारी बर्फबारी से अटल टनल में लगा जाम, 1000 से ज्यादा वाहन फंसे

क्रिसमस और न्यू ईयर से पहले लोग छुट्टियों के लिए पहाड़ों की तरफ निकल रहे हैं। पहाड़ों पर पर्यटकों की बढ़ती भीड़ के बीच मनाली से बड़ी खबर सामने निकलकर आ रही है। मनाली में सोलांग नाला से अटल टनल तक अब से कुछ देर पहले 1000 से ज्यादा गाड़ियां फंस गईं। विंटर कार्निवाल देखने के लिए बहुत सारे लोग गए। इस बीच वहां बर्फबारी भी हो रही है। जाम इतना लंबा लगा कि सैकडों गाडियां फंस गईं. फिर मनाली का पुलिस प्रशासन लगा और अब धीरे धीरे इस जाम को खुलवाया जा रहा है। ताजा जानकारी मिलने तक 700 वाहनों को निकाला जा चुका है। इस बीच हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी के बीच राज्य के 30 और 2 नेशनल हाईवे बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, कुछ जिलों के डिवीज़नल एरिया में बिजली और पानी का भी कनेक्शन काट गिए गए हैं। बदले मौसम और बर्फ़बारी कारण राज्य में जन सेवाएं बुरी तरह बाधित हुई हैं। आपको बता दें कि हिमाचल प्रदेश में हो रही बर्फबारी के बाद शिमला और मनाली समेत कुफरी, नारकंडा और सोलंग वैली में बड़ी संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। यहां के पहाड़ भी बर्फ भरे हुए नजर आ रहे हैं।

# पार्टी से इतर लाइन तो नेता जी 'लाइन हाजिर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**राष्ट्रीय लोकदल के प्रवक्ता पर 'बडबोले पन' की गाज गिरी**

पार्टी लाइन से इतर लाइन ली तो नेता जी को 'लाइन हाजिर' कर दिया गया। हुआ यूं कि अंबेडकर मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को नेता जी ने नसीहत दे दी कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए, अब वे खुद माफी मांगते फिर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल के प्रवक्ता पर 'बडबोले पन' की गाज गिरी। पार्टी प्रवक्ता कमल गौतम ने गत शुक्रवार टीवी कार्यक्रम में बहस का हिस्सा होते हुए अंबेडकर मामले के सवाल पर पार्टी के निर्णय के खिलाफ बात कह दी। पार्टी अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को इसकी शिकायत मिली तो उन्होंने फौरन कमल गौतम समेत सभी प्रवक्ताओं तत्काल प्रभाव से पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया।

# बशर की बीबी ने मांगा तलाक

एजेंसी ▶▶| लंदन

सीरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद की पत्नी अस्मा अल-असद ने रूसी अदालत में तलाक की अर्जी दी है और रूसी राजधानी छोड़ने की अनुमति मांगी है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्मा अब रूस में नहीं रहना चाहती हैं और वापस लंदन जाना चाहती हैं। ऐसे में उन्होंने बशर अल-असद से अलग होने का फैसला लिया है। असद की पत्नी अस्मा अल-असद का जीवन, जो एक समय 'सीरिया की गुलाब' के रूप में सराहा गया था, वर्तमान में,



अस्मा अपने पति और तीन बच्चों के साथ मास्को में शरण लिए हुए हैं। दरअसल, रूस ने सीरियाई नेता बशर अल-असद और उनके परिवार को राजनीतिक शरण दी है, जिन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक अपने देश पर शासन किया था, इस महीने की शुरुआत में विद्रोही गठबंधन के लड़ाकों ने असद को सत्ता से हटा दिया था। वे रूस भाग गए थे।

# 150 फीट गहरे खुले बोरवेल में गिरी 3 साल की बच्ची

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान में एक बार फिर से बड़ा बोरवेल हादसा हो गया है। जयपुर के पास कोटपुतली इलाके में आज एक तीन साल की मासूम बच्ची खुले बोरवेल में गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और अधिकारी मौके पर दौड़ पड़े। मासूम बच्ची जिस बोरवेल में गिरी है वह करीब डेढ़ सौ फीट गहरा बताया जा रहा है। बच्ची बोरवेल के बीच में अटकी हुई है। पुलिस प्रशासन रेस्क्यू टीम को लेकर मौके पर पहुंच गया है। वहां रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार यह हादसा कोटपुतली इलाके के कीरतपुरा बड़ीयाली गांव में सोमवार को दोपहर में हुआ है। वहां भूपेंद्र चौधरी की तीन साल की

**राजस्थान में फिर बड़ा हादसा**




बेटी चेतना चौधरी खेलते-खेलते एक खुले बोरवेल में गिर गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई और वे बदहवास हो गए। आनन-फानन में पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई।

***बोरवेल से बच्ची के रोने की आवाज आ रही है :*** *स्थानीय थाना पुलिस और प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा है। जेसीबी को बुलाया गया है। स्थानीय अस्पताल प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया गया है। एम्बुलेंस के साथ डॉक्टर मौके पर पहुंच रहे हैं। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी हुई है।*

### अल्लू के खिलाफ पुलिस ने जारी किया एक और नोटिस



**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन को नया नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने 'आजतक' को बताया कि नोटिस में अल्लू अर्जुन को घटना के संबंध में मंगलवार सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा गया है। चिक्कड़पल्ली पुलिस ने पेशी के लिए अभिनेता की कानूनी टीम को यह नया नोटिस थमाया है। हैदराबाद में चार दिसंबर को सिनेमा हॉल में भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया।



### असम में पकड़े गए बांग्लादेश के 22 घुसपैठिए

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि असम पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में पांच बच्चों सहित 22 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु से गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद 16 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया, वे दक्षिण सलमार जिले की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद पता चला कि पकड़े गए लोग बांग्लादेशी हैं।

### गुरुग्राम : 21 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 125 करोड़ की धोखाधड़ी

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम में 21 कथित साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है जिनपर देशभर में लोगों से करीब 125 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। गुरुग्राम साइबर पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) प्रियांशु दीवान ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से डेटा की समीक्षा के बाद सभी आरोपियों को नवंबर और दिसंबर में गिरफ्तार किया गया।



## अय्यर ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही

### कांग्रेस दिग्गज मणिशंकर अय्यर ने भी साधा निशाना

# 'इंडिया अलायंस को लीड करने के बारे में न सोचे कांग्रेस, ममता में ये काबिलियत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने अपनी ऑटोबायोग्राफी पर आधारित दूसरी किताब लॉन्च कर दी है। ए मैवरिक इन पॉलिटिक्स नाम की किताब में अय्यर ने राजनीति, कांग्रेस और गांधी परिवार को लेकर अपने अनुभव शेयर किए हैं। किताब की लॉन्चिंग के मौके पर एक इंटरव्यू में अय्यर ने कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व नहीं करने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसा करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। ममता बनर्जी में गठबंधन को लीड करने की काबिलियत है। अय्यर ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कांग्रेस को विपक्षी



गुट का नेता न बनने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे फर्क नहीं पड़ता कि विपक्षी गठबंधन को कौन लीड करता है। वजह यह कि कांग्रेस और उनके नेताओं का स्थान हमेशा ही अहम रहेगा। जरूरी नहीं कि वो अकेली अहम पार्टी हो. ममता बनर्जी में क्षमता है, दूसरे नेता भी हैं, जो गठबंधन को लीड कर सकते हैं। जो भी इसकी अगुआई करना चाहे, उसे करने देना चाहिए।' दरअसल, हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल की सीएम और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने गठबंधन की अगुवाई करने की इच्छा जाहिर की थी।

ममता ने कहा था, 'भाजपा की सरकार के खिलाफ विपक्ष में सभी को साथ लेकर चलना होगा। अगर मुझे जिम्मेदारी दी जाती है, तो मैं इसे सही तरह से चलाने की कोशिश करूंगी। मैं बंगाल के बाहर नहीं जाना चाहती, लेकिन मैं विपक्षी गठबंधन को यहां से चला सकती हूं।' ममता के इस बयान के बाद लालू यादव और उनके छोटे बेटे तेजस्वी यादव उनके समर्थन में उतरे थे।

#### कांग्रेस भाजपा की तरह

*अय्यर ने इंटरव्यू में कांग्रेस को भी भाजपा के जैसा बताया है। उन्होंने कहा, 'मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कांग्रेस में भी तारीफ कल्चर शुरू हो गया है। हालांकि, अभी तक इस पार्टी में गुलामी की मानसिकता नहीं आई है।' अय्यर ने कहा, 'राहुल गांधी मुझसे 30 साल छोटे हैं। मैं उनके पिता से जुड़ा हुआ था, इसलिए राहुल को लगता है कि मैं उनके पिता की पीढ़ी का हूं। राहुल कांग्रेस के नेता हैं और मैं उनका अनुयायी हूं। इसलिए मुझे स्वीकार करना होगा कि मैं एक्टिव पॉलिटिक्स के लिए बहुत बूढ़ा हो चुका हूं, लेकिन मैंने कांग्रेस नहीं छोड़ी है। मैं कांग्रेस कभी नहीं छोड़ूंगा, खासकर **BJP** में जाने के लिए तो बिल्कुल नहीं।'*

# गणतंत्र दिवस पर भारत की सेनाओं के साथ कदमताल करेगी इंडोनेशिया की सैन्य टुकड़ी!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में अगले महीने 26 जनवरी 2025 को 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह का कर्तव्य पथ पर पूरी भव्यता से आयोजन करने को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। समारोह की थीम 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' रखी गई है।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि परेड समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ ही इंडोनेशिया की एक सैन्य टुकड़ी भी परेड समारोह में कर्तव्य पथ पर भारत की सशस्त्र सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कदमताल करती हुई नजर आएगी। समारोह की अध्यक्षता सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी।



■ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, तीनों सशस्त्र सेना प्रमुखों के अलावा लगभग पूरा सरकारी अमला समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर मौजूद रहेगा।

**दोनों सेनाओं के बीच होगी संतुलित कदमताल :** पिछले साल परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हुए थे और उनके साथ वहां की एक सैन्य टुकड़ी भी भारत आई थी।

## जैकेट के शेष

### सनी लियोनी को ....

अधिकारी के द्वारा अनुमोदित किया जाना था। प्रकरण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वेदमति जोशी, जो की वीरेन्द्र कुमार जोशी की पड़ोसी है, के द्वारा बिना तथ्यों की जॉच परख किए ऑनलाइन पोर्टल पर वीरेन्द्र कुमार जोशी के द्वारा सन्नी लिओनी के नाम से किए गए आवेदन को सत्यापित कर दिया गया। पर्यवेक्षक के द्वारा भी बिना परीक्षण किए आवेदन का सत्यापन कर दिया गया, जिसके कारण इस फर्जी नाम वाले हितग्राही को उनके द्वारा दिए गए आधार नबंर से लिंक स्टेट बैंक के खाते में डीबीटी के रूप में राशि का भुगतान हुआ है।

### धान चोरी के ....

खुलवाकर कमरे में सो रहे कार्तिक पटेल को खींचते हुए घर से बाहर निकाला। बाहर में लाठी लेकर खड़े लोगों ने युवक से मारपीट करते हुए अपने मोहल्ले ले गए। उनके पीछे-पीछे युवक के पिता तुलसीराम व माता विद्या बाई अपने बेटे को छुड़ाने के लिए दौड़ते रहे लेकिन युवक को घसीटते हुए वे अपने मोहल्ले ले गए। गली में दर्जन भर लोग लाठी से कार्तिक की 4 घंटे बेदम पिटाई करते रहे। जबकि गांव के कोटवार व पिता तुलसीराम कार्तिक को छोड़ देने की मिन्नत करते रहे लेकिन लोगों ने युवक को नहीं छोड़ा और सुबह 6 बजे तक लाठियां बरसाते रहे। इस बीच कोटवार ने कुरूद पुलिस को फोन से घटना की सूचना दी लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। सोमवार की सुबह अधमरा हो चुके बेटे को देख पिता तुलसीराम ने उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के लिए गिड़गिड़ाया। तब कहीं जाकर हमलावरों ने कार्तिक को छोड़ा। पिता बेटे को उपचार के लिए पहले कुरूद अस्पताल ले गया। जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल लाया। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

**मृतक के पिता बोले-दोषियों को कड़ी सजा मिले :** मृतक के पिता तुलसीराम पटेल व माता विद्याबाई ने कहा कि धान चोरी करने का आरोप लगाकर गांव के भीखम साहू, नोहर साहू, प्रेम साहू, किशन साहू, बिरेन्द्र साहू, बुद्धेश्वर साहू सहित तीन महिलाएं व अन्य लोगों ने उसके पुत्र कार्तिक की बेदम पिटाई की है जिसके कारण अस्पताल लाते समय कार्तिक की मौत हो गई है। कार्तिक उनका एकलौता बेटा था। पुलिस दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

### इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट ....

युवाओं, महिलाओं, आदिवासियों को उनके दुहारी पर, उनके क्षेत्र में ही काम उपलब्ध कराया जाए। यही वजह है कि उन्होंने राज्य के पिछड़े क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए लक्ष्मीपुत्रों का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा, "छत्तीसगढ़ निवेश के लिए असीम संभावनाओं वाला राज्य है। हमारी नई औद्योगिक नीति उद्योगों को कर, भूमि, और बिजली में छूट के साथ-साथ सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं देती है। यह नीति न केवल उद्योगों की स्थापना, बल्कि रोजगार सृजन पर भी जोर देती है।" मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, ऊर्जा, खनन, और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। नई औद्योगिक नीति में विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन पैकेज शामिल हैं। डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 से सभी स्वीकृतियां और लाइसेंस प्राप्त करना आसान हो गया है। उद्योग विभाग द्वारा सब्सिडी जारी करने के लिए अधिकतम 3 स्तर और अधिकतम 7 दिनों की समय सीमा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए, न्यूनतम सरकार की अवधारणा के तहत निजी औद्योगिक पार्क को 30 प्रतिशत सब्सिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ, उद्योगों के लिए रेडी और विकसित प्लॉट आवेदन के 60 दिनों के भीतर सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया हम यह सुनिश्चित कर रहे कि उद्योग स्थापना एवं संचालन में सरकारी हस्तक्षेप न्यूनतम हो एवं यथासंभव सेल्फ सर्टिफिकेशन अथवा ऑनलाइन माध्यम से हो ताकि उद्योग हेतु आपको सरकार के पास आने की आवश्यकता न हो। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेशकों के सवालों का जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि छत्तीसगढ़ सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने राज्य में उपलब्ध बेहतर बुनियादी ढांचे, कुशल मानव संसाधन और शांतिपूर्ण माहौल के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ की पहल की सराहना की और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह इन्वेस्टर-मीट छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत और नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने नई औद्योगिक नीति की खासियतों को समझाते हुए निवेशकों को छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने के लाभ बताए। उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने उद्योगपतियों से चर्चा करते हुए बताया कि खनिज संपदा और खानों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ अब तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माण का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। राज्य अपने औद्योगिक आधार को विविधतापूर्ण बनाते हुए फार्मास्यूटिकल्स, ट्रेन शेल, टेलीविज़न और प्रकाश उपकरणों जैसे विविध उत्पादों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

**बस्तर क्षेत्र में निवेश पर विशेष प्रोत्साहन :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर की स्टील इकाइयों और अन्य उद्योगों को बड़ी राहत दी गई है। लौह अयस्क पर 50 फीसदी और कोयले पर 100 फीसदी रॉयल्टी की छूट का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, उद्योगों द्वारा चुकाए गए रॉयल्टी और राज्य को मिलने वाले सेस की प्रतिपूर्ति 15 वर्षों तक की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम नियानार में 118 एकड़ भूमि पर एक नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है।

**आईआईएम के छात्र नियुक्त होंगे इन्वेस्टमेंट मैनेजर :** मुख्यमंत्री ने बताया उद्योगपतियों को राज्य सरकार द्वारा विशेष सहूलियतें दी जा रही है। इसके लिए आईआईएम रायपुर के साथ एमओयू (समझौता) करके वहां के पास-आउट छात्रों को मुख्यमंत्री औद्योगिक इंटर्नशिप के तहत इन्वेस्टमेंट मैनेजर के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, जो घर बैठे प्रक्रियाओं को सुगम बनाएंगे।

**आधुनिक तकनीकों में निवेश को प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति में कई नए और आधुनिक तकनीकों का ध्यान रखा गया है जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ग्रीन हाईड्रोजन और डेटा सेंटर। इसके अलावा, आईटी, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र भी खास होंगे। इन क्षेत्रों में उद्योगों को 30 से 50 प्रतिशत तक सहायता मिलेगी। इसके अलावा, कंपनियों को अपना काम शुरू करने के लिए 5 से 12 साल तक करों में छूट दी जाएगी, जिससे वे आसानी से अपना काम शुरू कर सकें।

### शीर्ष उद्योगपतियों ने ....

करोड़ निवेश का प्रस्ताव दिया। वरुण बेवरेजेज के सीईओ कमलेश जैन ने पेप्सिको बॉटलिंग प्लांट में 250 करोड़ निवेश की इच्छा जताई। टीडब्ल्यूआई ग्रुप के पुरुषोत्तम और उत्तम सिंघल ने 1 हजार 650 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया। पैरामाउंट कम्युनिकेशंस के प्रवीण गुप्ता ने 250 करोड़ निवेश का वादा किया। रिन्यू पावर लिमिटेड के सुमंत सिन्हा ने पंप स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में 11 हजार 500 करोड़ निवेश की योजना साझा की। जाहिर है निवेश ने मूर्त रूप लिया तो राज्य में हर तबके के लिए बड़े पैमाने में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## पेज एक के शेष

### अनपढ़ भी पढ़ा सकेंगे स्नातकोत्तर...

करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों को व्याख्यान के लिए बुलाया जाएगा। इसके लिए किसी भी तरह की उपाधि नहीं देखी जाएगी, केवल यह देखा जाएगा कि संबंधित क्षेत्र में उक्त व्यक्ति द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए हैं। अपने क्षेत्र के अनुभव, काम के दौरान आने वाली चुनौतियों, उससे निपटने के तरीके, कार्य को बेहतर रूप से करने के टिप्स जैसी चीजें वे छात्रों के साथ साझा करेंगे। अर्थात उनके द्वारा किसी तरह की सैद्धांतिक ज्ञान नहीं देकर पूर्णतः व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

### पूरे सत्र में 4 कक्षाएं...

बिताने वाले जागेश्वर यादव ने पिछड़ी जनजाति के शिक्षा के लिए विशेष रूप से कार्य किया है। उनकी इस उपलब्धि को देखते हुए समाज कार्य के छात्रों के अध्यापन के लिए उनका चुनाव किया गया है। अन्य व्यक्तियों का भी चुनाव रविवि उनकी उपलब्धियों के आधार पर करेगा।

### पांचवी और आठवीं में...

वाला छात्र पदोन्नति (अगली कक्षा में जाने की अर्हता) के मानदंडों को पूरा करने में असफल रहता है, तो उसे पांचवीं या आठवीं कक्षा में ही रोक दिया जाएगा। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी बच्चे को प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाएगा।

### बलौदाबाजार के असली मुजरिम...

में आई थी उन्हें पूरा करने और प्रदेश को चलाने में भाजपा असफल साबित हो रही है। बलौदाबाजार जैसी घटना जो पूरे देश में इकलौती है, जिसमें कलेक्टरेट और एसपी ऑफिस को एक साथ जला दिया गया। सरकार बलौदाबाजार के असली मुजरिमों को नहीं पकड़ पा रही है और कांग्रेस विधायक सहित युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को जेल में डालने का कार्य कर रही है। वित्त मंत्री यह बताएं कि महतारी बंधन योजना में आपने सनी लियोन के खाते में भी पैसे कैसे डाल दिए? इस तरह की सरकार भाजपा प्रदेश में चला रही है।

### किसानों का बड़ा नुकसान, बीज...

वितरकों के अपने बड़े नेटवर्क के माध्यम से भारत में अपने ग्राहकों को कृषि और बीज उत्पाद प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ में कंपनी ने अपने उत्पादों को बेचने के लिए कई वितरकों को शामिल किया था। इनमें से एक वितरक का कोंडागांव में शंकर कृषि केंद्र, रंधना था, जहां से शिकायतकर्ता गोकुल प्रधान ने जिला कोंडागांव के कुछ किसानों के साथ मिलकर कंपनी द्वारा बेचे गए एक उत्पाद चंचल हाइब्रिड धान बीज को खरीदा था और अपने खेतों में बोया था। इसके बाद पाया गया कि यह बीज गर्दन से टूट रहे हैं, तो शिकायतकर्ता गोकुल प्रधान द्वारा याचिकाकर्ताओं के खिलाफ धारा 420 और 34 के तहत पुलिस स्टेशन, फरसगांव, जिला - कोंडागांव, छ.ग. में एफआईआर दर्ज कराई। इसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने कंपनी द्वारा बेचे गए चंचल हाइब्रिड धान बीज को उसके वितरक - शंकर कृषि केंद्र, रंधना से इस आश्वासन पर खरीदा था कि यह धान बीज बाजार में सबसे अच्छा है और अनुकूल परिणाम देगा। इसके बाद भी इसे लगाने से सबका बड़ा आर्थिक नुकसान हो गया है।

### कंपनी के अधिकारियों के...

कंपनी के अधिकारियों को परेशान करने तथा उनसे धन ऐंठने के लिए बिना किसी आधार के एफआईआर दर्ज कराई है। तथ्यों को पढ़ने से यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ताओं पर अपराध नहीं बनता है। शासन की ओर से कहा गया कि एक बार एफआईआर दर्ज हो जाने के बाद, इसकी जांच की जानी चाहिए और इसे तार्किक निष्कर्ष तक ले जाना चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि तर्कों की जांच करने और एफआईआर का अवलोकन करने के बाद साफ है कि कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ संज्ञेय अपराध बनता है। इसलिए एफआईआर को रद्द करने की याचिका खारिज की जाती है।

# खाद्य सुरक्षा पर अब तक 1166 लाख करोड़ खर्च : चौहान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के अधीन चालू योजनाओं के लिए सरकार अब तक 1166 लाख करोड़ खर्च कर चुकी है। किसानों की आय दोगुना हो इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। चौहान ने राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित किसान सम्मान दिवस और किसान एवं ग्रामीण विकास लाभार्थी सम्मेलन में बोलते हुए यह बातें कही।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और राज्य सरकार के मंत्री तथा अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 65 फसलों के नये



बीजों की 109 किस्में राष्ट्र को समर्पित की है। यह प्राकृतिक कृषि का एक अहम हिस्सा होंगे। यह धरती सिर्फ मनुष्यों के लिए ही नहीं बनी है यह कीट पतंगों जैसे सारे जीवों के लिए बनी है। कीटनाशकों के अनियन्त्रित प्रयोग को रोकने का आह्वान करते हुए चौहान ने कहा कि यह समय की मांग है कि हमें प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ना है और इसे पूरी इच्छाशक्ति से आगे बढ़ाना होगा।





## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

# कांग्रेस की सोच हमेशा रही अंबेडकर विरोधी बाबा साहब को चुनाव हरवाया : भाजपा

## कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहब का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया : प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस की सोच हमेशा अंबेडकर विरोधी रही है। कांग्रेस पार्टी, जिसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का हमेशा अपमान किया, उनका मजाक उड़ाया और उन्हें लज्जित किया, आज वही पार्टी उनके नाम पर हक मांगने का ढोंग कर रही है।

भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस ने न तो बाबा साहब के स्मृति चिह्न बनाए और न ही बनाने दिया। कांग्रेस को अपने नेताओं और पंडित नेहरू द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के प्रति किए गए अपमान के



लिए पूरे देश से बिना शर्त माफी मांगना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश भर में भाजपा के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस का नाटक कर रही है। जिस कांग्रेस ने देश के महान सपूत डॉ भीम राव अंबेडकर का हमेशा से ही अपमान किया और उन्हें संविधान सभा का सदस्य तक नहीं बनने दिया, आज वह बाबा साहब के प्रति प्रेम का दिखावा कर रही है।

#### नहीं दिया गया बोलने का मौका

प्रसाद ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देता है, तो सदन में उसे बोलने का मौका दिया जाता है लेकिन बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के इस्तीफे के बाद सदन में उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया। अपने त्याग पत्र में बाबा साहब अंबेडकर ने पंडित नेहरू के खिलाफ बहुत कुछ लिखा है। उन्होंने लिखा कि "मैं वित्त और उद्योग क्षेत्र में पढ़ा-लिखा था, मगर मुझे उससे जुड़ा एक भी विभाग नहीं दिया गया और एक भी संसदीय कमेटी का हिस्सा नहीं बनाया गया। मुझे कानून मंत्रालय दिया तो गया, मगर ईमानदारी से काम नहीं करने दिया गया। मुझे हिंदू कोड बिल के कार्य को पूरा नहीं करने दिया गया। केवल मुसलमानों की चिंता की गई, लेकिन एससी और एसटी को उचित संरक्षण प्रदान नहीं किया गया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, धमतरी (छ.ग.)**
Website: www.nagarnigamdhamtari.com,
Email ID: commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No.- 07722241599

**-: द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक /कार्य.अभि./स्व.भा.मि./द्वि.ई.ओ.आई./2024/8051 धमतरी, दिनांक 23/12/2024

नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्रांतर्गत दानीटोला वार्ड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में निकाय का C&D Waste (सड़क बाधा) प्लांट का निर्माण किया गया है। निकाय में जब्त C&D Waste (सड़क बाधा) से विभिन्न प्रकार के पेवर ब्लॉक, गमला, Low line Area filling हेतु उपयोग किया जाना है। उक्त प्लांट के संचालन हेतु इच्छुक स्व सहायता समूह/फर्म/ठेकेदार आदि से जो कार्य करने इच्छुक हो, रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से दिनांक 13/01/2025 को सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। ई.ओ.आई. प्रस्ताव के साथ आयुक्त नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से राशि 10000.00 रूपये का FDR जमा करना होगा। प्राप्त ई.ओ.आई. प्रस्ताव दिनांक 15/01/2025 को प्रातः 11.30 बजे खोली जायेगी।

कार्य से संबंधित विस्तृत शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के डाटा सेंटर से प्राप्त की जा सकती है। संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी


## शब्द पहेली - 5726



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5725 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ती | म | खा | ना | ■ | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | ■ | हा | ■ | ना | ह | क | ■ | र | म |
| हा | ■ | ना | न | सें | स | ■ | र | मा | ■ | जा |
| नी | र | व | ता | ■ | सु | र | ■ | न | म | न |
| का | ■ | खे | ■ | अ | र | क्त | ■ | ■ | सी | ■ |
| र | वा | ना | हो | ना | ■ | या | ल | न | हा | र |
| ■ | ह | ■ | ■ | चा | ह | त | ■ | का | ■ | च |
| का | न | न | ■ | र | म | ■ | ब | र | सा | ना |
| म | ■ | र | ज | ■ | स | का | र | ना | ■ | का |
| धा | र | ■ | खि | ला | फ | ■ | स | ■ | भो | र |
| म | स | ख | रा | ■ | र | म | ता | जो | गी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5736

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5735 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### ससुराल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**धमतरी।** मड़ई घूमकर ससुराल से लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार हाइवा ने चपेट में ले लिया। इस घटना में युवक की मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामतराई निवासी नरेन्द्र कुमार साहू पिता भीखम उम्र 35 वर्ष का ससुराल बालोद जिला के ग्राम तमोरा है जहां रविवार को मड़ई मेला कार्यक्रम था। नरेन्द्र रविवार को अपने साथी खिलावन साहू के साथ बाइक से मड़ई घूमने ससुराल तमोरा गया था जहां रात रूकने के बाद सोमवार की सुबह दोनों बाइक में सवार होकर वापस अपने घर श्यामतराई लौट रहे थे। गुरूर मार्ग से गुजर रही उनकी बाइक को ग्राम कुलिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने ठोकर मार दी। इस घटना में नरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए संजीवनी 108 की मदद से गुरूर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी होने पर नरेन्द्र के साढ़ू भाई ग्राम दुपचेरा निवासी गुरूचरण साहू ने अपने ससुर हेमलाल साहू को फोन पर सूचना दी। ससुर तत्काल गुरूर अस्पताल पहुंचा जहां घायल की गंभीर हालत को देखते हुए रिफर किया जा रहा था। रिफर करने पर घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई।

लाल आतंक : साप्ताहिक बाजार से गन की नोक में कर लिया था अगवा

# जनअदालत में नक्सलियों ने जेसीसीजे कार्यकर्ता की मुखबिरी के आरोप में हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले में नक्सलियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों की जनअदालत लगाकर हत्या की जा रही है। ऐसे ही एक मामले में नक्सलियों ने साप्ताहिक बाजार रेड्डी से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) के कार्यकर्ता का गन की नोक में अपहरण कर नक्सली अपने साथ ले गए थे। इसके बाद उसकी जनअदालत लगाकर हत्या कर दी गई। रविवार को साप्ताहिक बाजार रेड्डी से जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) के कार्यकर्ता मुकेश हेमला का हथियारबंद नक्सलियों ने अपहरण कर लिया। मुकेश उस समय बाजार में जरूरी सामान खरीदने आए थे तभी नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने उसे घेरकर गन की नोक में अपने साथ जंगल की ओर ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित रेड्डी गांव में रविवार को लगे साप्ताहिक बाजार में 4-5 अज्ञात लोग पहुंचे थे उन सभी लोगों ने पिस्टल और चाकू की नोक पर युवक का अपहरण कर लिया और उसे अपने साथ जंगल में ले गए। अगवा मुकेश हेमला को अपने साथ ले जाने के बाद नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर उसकी हत्या कर दी। शव के उपर फेंके गए पर्चे में गंगालूर एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए बताया कि मुकेश हेमला पुलिस का मुखबीर था तथा मनेष उयका, पुनेम, गोपी मोड़ियाम आदि के युवकों के साथ मिलकर पुलिस को उनकी सूचना देते थे। पर्चे में पुलिस की मुखबरी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सभी का अंजाम ऐसा ही होगा।



### हथियार बनाने का सामान और उपकरण जब्त

**बीजापुर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत वाटेवागु में नवीन कैम्प की स्थापना के बाद 23 दिसम्बर को डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, कोबरा 205, 210 एवं केरिपु की संयुक्त टीम कोमटपल्ली की ओर निकली थी। सर्चिंग के दौरान संयुक्त टीम के द्वारा कोमटपल्ली जंगल-पहाड़ में माओवादियों के द्वारा बड़े चट्टानों के बीच में छुपा कर रखे हथियार बनाने के उपकरण और सामग्री बरामद किया गया। सुरक्षा पार्टी द्वारा बरामद किये गये माओवादी डम्प में गैस वेल्डिंग मशीन मय नोजल, आक्सीजन सिलेण्डर, गैस वेल्डिंग में उपयोग आने वाला पावडर- 8 डिब्बा, इन्वर्टर-1 , स्टेबलाईजर 5 , स्टील कंटेनर 3 , कमर्सियल मोटर 3, ब्लोवर (धौकनी मशीन)-2, ग्लेण्डर मोटर-1, वेल्डिंग राड 200 नग , टुकड़ा लोहे का राड छोटा बड़ा 3-3, खाली मैग्जीन 3, इलेक्ट्रिक स्वीच- 65, रायफल सिलिंग-8 एवं 2 पोच बरामद किया गया। कैम्प स्थापना के बाद क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध अभियान तेज किया गया है।

## सीनियर नक्सली लीडर प्रभाकर से पूछताछ से अहम् राज के खुलासे होने की है संभावना

**कांकेर।** जिला कांकेर की पुलिस को कांकेर के कोयलीबेड़ा क्षेत्र में सात सालों तक आतंक मचाने वाला बालमूरी नारायण राव उर्फ प्रभाकर को 22 दिसंबर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार नक्सली शहरी नेटवर्क का प्रभारी रहा है। इसके संपर्क में शहरी नेटवर्क में कौन कौन रहा है, उसका भी राज खुल सकता है और कई शहरी नेटवर्क के चेहरों का खुलासा हो सकता है। गिरफ्तार नक्सली की पत्नी डीवीस सदस्य राजे कांगे अभी रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी है।

भानुप्रतापपुर के एएसपी आईपीएस संदीप पटेल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर सब जोनल ब्यूरो के सीनियर माओवादी कैडर प्रभाकर राव की गतिविधि जिला कांकेर क्षेत्र में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा तस्दीक किया जा रहा था। इसी दौरान 22 दिसंबर 2024 को जिला कांकेर के थाना अंतागढ़ क्षेत्रान्तर्गत पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी कार्यवाही में प्रभाकर राव उर्फ बालमूरी नारायण राव को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादी प्रभाकर राव से लगातार पूछताछ कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार नक्सली एसजेडसीएम रैंक का नक्सली है और उत्तर सब जोनल ब्यूरो में लॉजिस्टिक सप्लाई एवं एमओपीओएस टीम का इंचार्ज था। नक्सल संगठन में विगत 40 वर्षों से सक्रिय रहकर कार्य कर रहा था।

## नक्सलियों के सबसे बड़े 90 का फीट का स्मारक ध्वस्त

**जगदलपुर/बीजापुर।** माओवादियों द्वारा अब तक बनाए गए सबसे बड़े नक्सल स्मारक को फोर्स ने ब्लास्ट कर ध्वस्त कर दिया है। एक दिन पूर्व ही पामेड़ थाना क्षेत्र के वाटेवागु में फोर्स ने नया कैम्प खोला था जिसके बाद नक्सलियों के सबसे बड़े स्मॉरक को ध्वस्त कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक लगभग दो वर्ष पूर्व नक्सलियों ने 3 अगस्त 2021 को यहां 90 फीट उचां स्मॉरक व स्थायी मंच का निर्माण कराया था। यह स्मॉरक नक्सलियों के टॉप लीडर सेट्रल कमेटी मेंबर रामकृष्ण उर्फआरके की याद में बनाया गया था। जिस समय स्मॉरक का निर्माण कराया गया था उस दौरान 5 सौ से अधिक हथियारबंद नक्सलियों के अलावा हजारों की संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी थी। इसी पामेड़ इलाके में बने स्मारक को सुरक्षाबलों ने ब्लास्ट कर उड़ा दिया है।

नक्सलियों के सबसे बड़े स्मारक को ध्वस्त करने के दोरान बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव एसटीएफ डीएसपी महन्त सिंग के अलावा डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 210 व 205, बीडीएस टीम के अलावा अन्य फोर्स के अधिकारी व जवान मौजूद थे।

### दो राज्य के सरहदी इलाके में शीर्ष नक्सलियों की रहती है मौजूदगी

गौरतलब है कि पामेड़ थाना क्षेत्र के यह इलाका सुकमा व बीजापुर जिले के अलावा छग व तेलगांना राज्य का सरहदी इलाका है जहां शीर्ष नक्सलियों की उपस्थिति मौजूदगी देखी जाती रही है। यह इलाका नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नंबर एक का सेफ जोन माना जाता है। एक दिन पूर्व माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने व आम जनता को विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इसी वाटेवागु में नया कैम्प खोला गया था जिसके बाद स्मारक व स्मारक में बने स्थायी मंच को ध्वस्त किया गया।



# कलर प्रिंटर मशीन बरामद नक्सल सप्लायर गिरफ्तार



**सुकमा।** जिला बल और सीआरपीएफ 219 वीं वाहिनी के जवानों को कलर प्रिंटर मशीन के साथ एक नक्सल सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पूछताछ में नक्सल सप्लायर हिड़मा ने कोंटा एरिया कमेटी के बड़े नक्सल नेताओं के कहने पर कलर प्रिंटर मशीन का परिवहन करने की बात कही है। गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम 2005 के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। पूछताछ करने पर पूर्व में भी नक्सलियों को इन्वर्टर मशीन सहित अन्य नक्सल सामग्री कोंटा एरिया कमेटी के संगठन को पहुंचाना कबुल किया। मिली जानकारी के अनुसार कोंटा एरिया कमेटी के लिए इलेक्ट्रानिक सामान सप्लाई करने की सूचना मिली थी। जिस पर थाना भेज्जी से जिला बल व सीआरपीफ 219 वाहिनी की संयुक्त पार्टी द्वारा मोबाईल चेक पोस्ट लगाई गई। मुखबिर द्वारा बताये गए मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर वाहन क्रमांक सीजी 26 जे 6371 को चेकिंग के लिये रोका जा रहा था। सवार पुलिस चेकिंग कार्यवाही को देखकर मोटर सायकल को मोड़कर भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पुलिस पार्टी द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया। चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम हिड़मा पिता स्व. बुधरा निवासी वीराभट्टी थाना भेज्जी जिला सुकमा का निवासी होना बताया। मोटर सायकल में रखे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नही दिया जिस पर पुलिस को संदेह होने पर मोटर सायकल मे रखे सामान की चेकिंग करने पर 1 केनन कंपनी का कलर पिंटर मशीन, नक्सल पाम्पलेट एवं 1 बंडल कोरा कागज पाया गया। उक्त कलर प्रिंटर मशीन एवं नक्सल पाम्पलेट व कोरा कागज के संबंध में पूछने पर नक्सली माड़वी हितेश द्वारा 20 हजार देकर कलर प्रिंटर मशीन मंगवाना तथा नक्सल पाम्पलेट को उक्त 1 बंडल कोरा कागज में फोटो कापी कराकर आम जनता में बांटने के लिये नक्सल सदस्य माड़वी हितेश द्वारा देना बताया। आरोपी द्वारा कलर प्रिंटर मशीन को भद्राचलम से खरीदकर नक्सलियों को पहुंचाने के लिए ला रहा था।

# मवेशी परिवहन के दौरान एक लाख रुपए की उगाही, 8 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मवेशियों का परिवहन करने के दौरान मारपीट करने व मिलीभगत कर पैसे की उगाही करने वाले आठ लोगो को पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से नगद 43 हजार रूपएं, 6 नग मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त दो नग स्कूटी, दो नग कार, एक मोटर सायकल को जप्त किया गया। बांगाबारी निवासी 19 वर्षीय विकेश निषाद पिता महेंद्र निषाद ने 22 दिसंबर को चौकी दुधावा थाना नरहरपुर शिकायत दर्ज कराया था कि 21 दिसंबर को उनके पिता महेन्द्र निषाद के द्वारा 6 नग बैल को बैल वाले व्यापारी बालोद जिला के ढोढरठेमा पेमन लाल पिता रूप लाल साहू से लिया था और मुसुरपुट्टा निवासी कवर लाल मरकाम ने 6 नग बैल को बैल बालोद जिला के पचेड़ा निवासी व्यापारी नेमचंद पिता भुनेश्वर से लिया था। लिए हुए मवेशी को विरेन्द्र यादव, सुरेन्द्र जैन ने पैदल-पैदल चारामा थानांतर्गत ग्राम भोथा तक लाए जहां से मैं हमारे बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 2928 में एवं कवल लाल मरकाम के बोलेरो वाहन कमांक सी जी 19 बी आर 9398 में अपने अपने बैलों को डालकर ला रहे थे। भोथा से 21 दिसंबर की रात को निकले थे।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-

मो. : 9977345867

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-2459)

आवश्यकता है- HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ केलिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर Mob - 8085435101, 7509025000. (RO-6448)

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**गृह कार्य**

आवश्यकता है- गृह कार्य हेतु 24 घंटे की बाई। रहना एवं खाना दिया जाएगा। अनुभव कम से कम २ साल होना चाहिए। स्थान: कचना, रायपुर संपर्क करे: 9437577871. (RO-2460)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर जेल रोड में ऑफिस व फील्ड के सभी कार्य हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है स्वयं का वाहन अनिवार्य 25 वर्ष तक के कम पढ़े लिखे ग्रामीण व शहरी लड़के संपर्क करें 8839812454 (आरो 1244)

**सेल्सगर्ल/सेल्समैन**

आवश्यकता है- इटली रवा के विक्रय हेतु अनुभवी सेल्स गर्ल एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। जो रायपुर शहर में जाकर माल विक्रय कर सके। संपर्क करे- मो. न. 9300905560. (RO-509)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु अनुभवी 10 सेल्समैन और सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार, बायोडाटा के साथ ज्वेलर्स स्वरूपचंद, मेन रोड, मोवा 9009854321 (RO-27)

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) मे काम करने के लिए लड़का/लड़की की आवश्यकता एंव अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता हैं एंव बिलिंग (TALLY)के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकत । मो.7067048454. (RO-D)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में कार्य हेतु स्मार्ट सेल्स गर्ल /ब्वाय, मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है, वेतन 10000/- से 15000/- प्लस कमीशन ,संपर्क- जवाहर चौक दुर्ग Mo - 7089508250 मिलने का समय सुबह 10 से 12 (आरो - 1857)

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सेल्स मैनेजर/मैकेनिक**

आवश्यकता है- सीनियर सेल्स मैनेजर- 4 (ऑटोमोबाइल अनुभवी) सेल्स एक्जीक्यूटिव- 6, डिजिटल मार्केटिंग- 2, ग्राफिक डिजाइनर- 2, टेलीकालर एक्सपर्ट- 4, EV मैकेनिक, इंजीनियर- 6, ITI पास (वेल्डर, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल) एक्सपर्ट- 6, चौकीदार /प्यून /गार्ड /हेल्पर /लेबर- 4, बायोडाटा भेजे संपर्क:- रिलेक्टो EV, सोनडोंगरी, रिंगरोड- 2, हीरापुर- आयशर शोरूम के आगे, रायपुर w/a 6266919195 /200.(RO-3170)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होयिजरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-1022)

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है, संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस, फूल चौक, जोरापारा, काली माता मंदिर के पास 98271-14645, 9131139179. (RO-3173)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर । (RO-399)

आवश्यकता है- PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 04, Tata Ace ड्राइवर -01 पता- आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर - 843 590 4413 (RO-2462)

आवश्यकता है- पाइप एवं नल फिटिंग दुकान में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 10,000 योग्यता अनुसार मनीष ट्रेडिंग कंपनी भैंसथान रायपुर पंजाब आईल मिल गली मोबाइल नंबर- 9301001974. (RO-1023)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1649)

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित फाइनेन्स कम्पनी को लोन संबंधित कार्य हेतु सभी जिले में फील्ड सेल्स ऑफिसर की आवश्यकता है सैलरी 10000+ 3000 पेट्रोल+ इन्सेंटिव तथा बिलासपुर ब्रांच हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए सैलरी 10000 से 12000 सम्पर्क करे- 6265172206, 9109833166 (RO-3640)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- भिलाई क्षेत्र में हेल्पर वेतन 9000/- एवं हाऊस वायरिंग ट्रेंड इलेक्ट्रिशियन वेतन -15000/- की आवश्यकता है रहने की सुविधा। अनुभव को प्राथमिकता, जरूरतमंद ही संपर्क करें मो. 9329024361, 8319762996.(RO-644)

**कैंटीन स्टॉफ**

आवश्यकता है- नया राजेंद्र नगर रायपुर (छत्तीसगढ़) हॉस्पिटल के कैंटीन हेतु स्टाफ चाहिए संपर्क- जैन रसोई घर व कैटर्स श्री कृष्णा हॉस्पिटल न्यू राजेंद्र नगर (तपेश जैन भंसाली) 9425559771 (RO-2465)

**स्टॉफ नर्स**

आवश्यकता है- स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है आकर्षक वेतन एवं रहने की सुविधा, संपर्कः- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(RO-3178)

**मार्केटिंग मैनेजर**

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वैदिक कंपनी में Online Work एरिया मार्केटिंग मैनेजर ( BSC SCIENCE + COMPUTER SCIENCE)की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 18000 + योग्यतानुसार- 6268279954 (आरो 1858)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर- 2, ऑटोमेटिक लग्जरी कारों हेतु सिनियर जो घर आफिस कार्य भी कर सके मेहनती हो साथ ही परिवार के लिए घरेलू खाना बनाने या घर कार्य भी आदतन शराबी न हो वेतन 15000 +चौकीदार, प्यून, गार्ड सिनियर अनुभवी मेहनती हो रूम उपलब्ध है वेतन 9/10/12+ मिलें- हीरापुर, रायपुर 6266919193, /95.(RO-3171)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 9040788128.(RO-817)

आवश्यकता है- (नववर्ष भर्ती) जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम / फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 8602999284 (RO-1335)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537 (RO-752)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - पूर्व मुखी छोटा कमर्शियल प्लॉट 12600 वर्गफीट, 52×241 पुराना धमतरी हाइवे रोड कल्पवृक्ष के पास, जैन ब्रिक्स के सामने, छछानपैरी रायपुर। 2650/- 3000/- सम्पर्क- 9752473779 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (RO-36308)

**जमीन**

जमीन बेचना है- भिलाई तीन और चरोदा एवम जामुल से 5 किलोमीटर की दूरी ग्राम रिंगनी में नंदेरी रोड से लगी 50 डिसमिल एवं 30 डिसमिल जमीन बेचना है संपर्क करें:- मो.-9329012985 (आरो न.-647)

बेचना है- जमीन 6.32 एकड़ फार्म हाउस (सिंचित) देवगहन अर्जुदा डामर रोड पर पोल्ट्री फॉर्म, कृषि, राइस मिल हेतु, ग्राम देवगहन, तह- गुंडरदेही संपर्क -9752408700. (आरो न.-645)

**Home Buildup भवन निर्माण**

कन्ट्रक्शन- घर बनवाये मात्र 1160/- वर्गफिट की दर से, टाइल्स, पुट्टी, पेटींग, बिजली फिटिंग, नल सभी कार्यपूर्ण कार्यक्षेत्र - दुर्ग, भिलाई, पाटन, राजनांदगांव,धमधा, गुण्डरदेही आसपास क्षेत्र। संपर्क- K.D. Constructions, Durg Mob-9406203448.(आरो न.-646)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- भाटागांव ढेबर सिटी, रोड पर 3000 स्क्वायर फीट का गोडाउन किराए पर देना है 3 फेस कनेक्शन एवं बोरिंग के साथ संपर्क सुबह 10:00 बजे से पहले शाम 6:00 के बाद 8818928932.(RO-2461)

किराए से- गोदाम किराए में देना है 3200 वर्गफीट एरिया इलेक्ट्रिकल पैनल के लिए बहुत पर्याप्त है 25 HP लोड के साथ संपर्क:- जी. के वीडियो हाल, साकरा, रायपुर (छत्तीसगढ) 9755927976. (RO-3179)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD 15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |


MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com



# पापा की फोटोग्राफी देख 'बेनेगल' पर चढ़ा था 'श्याम रंग'

## 12 साल की उम्र में बनाई पहली फिल्म, आखिरी मुजीब पर

**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक पद्मश्री, पद्मभूषण व दादा साहब फाल्के सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित श्याम बेनेगल ने इस दुनिया को 90 वर्ष की आयु में अलविदा कह दिया। रिश्ते में वह दिग्गज कलाकार गुरुदत्त के चचेरे भाई लगते थे। हैदराबाद में 14 दिसंबर, 1934 को हैदराबाद में जन्मे श्याम बेनेगल दिग्गज कलाकार और निर्देशक गुरुदत्त के परिवार से ताल्लुक रखते थे। गुरुदत्त की नानी और बेनेगल की दादी दोनों बहनें थीं। इस लिहाज से श्याम बेनेगल गुरुदत्त के चचेरे भाई थे। इसके अलावा श्याम बेनेगल को 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्मभूषण जैसे सम्मान से नवाजा गया था। इसके अलावा 2007 में उन्हें भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया था।

### पिता फोटोग्राफर थे, छोटी उम्र में दिखाया हुनर

कहते हैं कि श्याम बेनेगल को फिल्मों का शौक बचपन से ही था और उन्हें यह शौक अपने पिता श्रीधर बेनेगल के चलते लगा। दरअसल, कर्नाटक के रहने वाले श्रीधर बेनेगल एक जानेमाने फोटोग्राफर थे। इसलिए कैमरे का शौक उन्हें अपने पिता को देखकर आया और उन्होंने पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में ही पहली फिल्म बना दी थी।

### बेटी पिया कॉस्ट्यूम डिजानइर, एक्ट्रेस

भारतीय सिनेमा के जानमाने निर्देशक श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई है। उनकी एक बेटी पिया बेनेगल हैं। पिया बेनेगल पेशे से एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं और उन्होंने कई फिल्मों के लिए काम किया है।

### श्याम की वो फिल्में... जिन्होंने समाज को दिखाया आईना

***अंकुर*** : श्याम बेनेगल ने 1974 में फिल्म 'अंकुर' से निर्देशन की शुरुआत की थी। इस फिल्म ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिला दी थी। 'अंकुर' ने 40 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड जीते थे। इसमें श्याम ने हैदराबाद में सामंतवाद व यौन उत्पीड़न की हुई सच्ची घटना को फिल्म के रूप में दर्शकों के सामने पेश किया था। श्याम के साथ शबाना आजमी की भी ये पहली फिल्म थी।

***मंडी*** : श्याम बेनेगल की ये फिल्म समाज की उन महिलाओं की कहानी है जो गुजारा करने के लिए अपना शरीर बेचती हैं। फिल्म में शबाना आजमी, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में नजर आए थे। कैसे लोग एक-एक वेश्यालय पर उंगली उठाते हैं, उसी वेश्यालय में जाकर छिप जाते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा गया था।


***कलयुग*** : महाभारत से प्रेरित इस कहानी में कलयुगी परिवार के बीच कारोबार को लेकर होने वाली दुश्मनी को दिखाया गया था। फिल्म में राज बब्बर, शशि कपूर, सुप्रिया पाठक, अनंत नाग, रेखा, कुलभूषण खरबंदा, सुषमा सेठ जैसे दिग्गज कलाकार थे। ये श्याम बाबू की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक थी।

***जुबैदा*** : श्याम बेनेगल की जुबैदा फिल्म की आज भी खूब चर्चा होती है। फिल्म में करिश्मा के साथ मनोज बाजपेयी और रेखा भी थीं। फिल्म में जुबैदा (करिश्मा) और महाराजा विजेंद्र सिंह (मनोज बाजपेयी) एक दूसरे से प्यार करने लगते हैं। हालांकि विजेंद्र सिंह पहले से ही महारानी मंदिरा देवी (रेखा) से शादीशुदा थे, लेकिन फिर भी वह अपने दिल को जुबैदा के प्यार में पड़ने से नहीं रोक पाए। यह कहानी जितनी सरल लग रही है, उतनी है नहीं।

***भूमिका*** : श्याम की ये फिल्म एक फेमस मराठी एक्ट्रेस की कहानी दर्शकों के सामने पेश करती है। कैसे पुरुष उसकी जिंदगी में आते हैं और उसकी जिंदगी में कई बदलाव आते हैं। इसमें अमोल पालेकर, स्मिता पाटिल, अनंत नाग, अमरीश पुरी और नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे।

***निशांत*** : गांव की पृष्ठभूमि पर बनी ये फिल्म भारती की कहानी कहती है, जब लोग न्याय के लिए लड़ने से डरते थे। कैसे उच्च वर्ग के लोग गांव के लोगों का शोषण और उत्पीड़न करते थे। इस फिल्म में शबाना आजमी, गिरीश कर्नाड, नसीरुद्दीन शाह, अनंत नाग, अमरीश पुरी, स्मिता पाटिल जैसे कलाकार थे। इस फिल्म को शिकागो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन प्लेक अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

### आखिरी फिल्म बांग्लादेश पर बनी मुजीबः एक राष्ट्र का निर्माण





साल 2023 में आई श्याम बेनेगल की फिल्म मुजीब बांग्लादेश के जनक व तत्कालीन राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की पर्सनल व राजनीतिक जिंदगी पर आधारित एक बायोपिक है, जिसे बांग्लादेश और भारत के सपोर्ट से बनाया गया। निर्देशक की फिल्म 'मुजीब' ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। इसमें शेख मुजीब की भूमिका अर्जुन चक्रवर्ती ने निभाई है।

## हॉलीवुड मसाला




# शीर्ष पर पहुंची डिज्नी...

**लॉस एंजिल्स।** घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ डॉलर की कमाई करने वाला डिज्नी अब एक और नया रिकॉर्ड बना चुका है। ताजा अनुमानित रिपोर्ट्स के अनुसार वॉल्ट डिज्नी स्टूडियोज ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। कुल मिलाकर, डिज़नी की विश्वव्यापी कमाई अब 506 करोड़ डॉलर तक पहुंच गई है। इसमें 205.4 करोड़ डॉलर उत्तरी अमेरिका और 300.6 करोड़ डॉलर अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस से आए हैं।



# मुझे परवाह नहीं कि कोई क्या सोचता है : डेनजल

**मुंबई।** आज से ठीक एक सप्ताह बाद हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता डेनजल वॉशिंगटन 70 वर्ष के हो जाएंगे। एक्टर से जुड़ी एक खबर सामने आई है कि दो बार के अकादमी पुरस्कार विजेता ने बपतिस्मा ले लिया है। जी हां, वह अब एक धार्मिक प्रचारक बन गए हैं। उन्होंने एक लेख में लिखा, 'मैं निडर हूं। मुझे परवाह नहीं कि कोई क्या सोचता है। देखिए, डर के पहलू की बात करें तो आप इस तरह बात करके ऑस्कर नहीं जीत सकते। आप इस तरह बात करके पार्टी नहीं कर सकते। आप इस शहर में ऐसा नहीं कह सकते।' उन्होंने उस समय आगे कहा, 'यह फैशनेबल नहीं है। यह सेक्सी नहीं है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हॉलीवुड में लोग विश्वास नहीं करते। वैसे भी हॉलीवुड नाम की कोई चीज नहीं है। इसका क्या मतलब है? मेरे लिए इसका मतलब हॉलीवुड बुलेवार्ड नामक एक सड़क है। ऐसा नहीं है कि हम सभी कहीं मिलते हैं।



# विशिष्ट भूमिका में दिखेंगी दीपिका

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की कास्ट अब हर दिन के साथ और भी ज्यादा रोमांचक होती जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल जैसे बड़े सितारे पहले से ही मुख्य भूमिका में हैं। अब इस कास्ट में एक और दिलचस्प नाम जुड़ गया है। सोशल मीडिया सेंसेशन ओरी भी इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म में एक कैमियो रोल में नजर आएंगी, हालांकि उनके किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। दीपिका और भंसाली का एक साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने 'गोलियों की रासलीला राम-लीला', 'बाजीराव मस्तानी' और 'पद्मावत' जैसी चर्चित फिल्मों में एक साथ काम किया है।




# एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर नई फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे सितारे हैं। फिल्म एक्शन से भरपूर है। अब इससे जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। इसका टाइटल लीक हो गया है। दरअसल, इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। इसकी जानकारी एक्टर राकेश बेदी ने साझा की। इसके साथ उन्होंने केक कटिंग की फोटो भी पोस्ट की, जिसमें फिल्म का टाइटल लिखा है। आदित्य धर की एक्शन से भरपूर इस फिल्म का नाम है 'धुरंधर'। केक पर यही नाम लिखा है। साथ ही शूटिंग पूरी होने की जानकारी भी साथ है। केक पर रणवीर सिंह, आर माधवन, अक्षय खन्ना, राकेश बेदी, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल की तस्वीरें भी है। अमृतसर में इस फिल्म की शूटिंग करीब एक महीने तक चली।

## टीवी मसाला



# रैपर लैश्करी बने 'एमटीवी हसल 4' के विनर...

**नई दिल्ली।** हिप-हॉप रियलिटी शो 'एमटीवी हसल 4: हिप हॉप डोंट स्टॉप'का रविवार 22 दिसंबर को फाइनल हुआ और रैपर लश्करी को विजेता घोषित किया गया। जीत से बेहद खुश लश्करी ने कहा, 'एमटीवी हसल 4 जीतना मेरे जीवन का सबसे बड़ा बदलाव लाने वाला अनुभव रहा है। अपने हुनर को निखारने से लेकर फैंस से खूब प्यार और सपोर्ट पाने तक, इस स्टेज ने मुझे बेस्ट परफॉर्म के लिए प्रेरित किया है, खासकर रागा सर जिन्होंने मुझे निखारने और बेहतर बनाने में मदद की है। मैं इस जीत को हमेशा संजो कर रखूंगा और यह ट्रॉफी उस कड़ी मेहनत का सबूत है, जो मैंने इतने सालों में की है।' एमटीवी हसल 4 में जज के रूप में रफ्तार ने वापसी की। बादशाह, राजा कुमारी, किंग और सीजन 1 की विजेता एमजी बेला ने स्पेशल गेस्ट के रूप में भाग लिया। सीधे मौत, नाजी, रियार साब और संबाता जैसी इंडस्ट्री की हस्तियों ने एनर्जी को बढ़ाया, जबकि होस्ट तल्हा सिद्दीकी और जिजी ने पूरे समय माहौल को रोमांचक और आकर्षक बनाए रखा। सियाही ने ओजी हसलर का खिताब हासिल करने के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैं रॉयल एनफील्ड हंटर एमटीवी हसल 4: हिप हॉप डोंट स्टॉप की टीम का वाकई में आभारी हूं। उन्होंने मुझे शो में शामिल किया. रागा सर को उनके गाइडेंस के लिए खास धन्यवाद। मैंने उनसे और पूरी टीम से बहुत कुछ सीखा है। यह अनुभव, सीखने, मौज-मस्ती और मेरे को-हसलर्स के साथ यादों से भरा हुआ है, जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।'

### ईशा सिंह, अविनाश और विवियन को किया घरवालों ने नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें घरवाले नॉमिनेशन टास्क में नजर आ रहे हैं। इस प्रोमो में घर वाले एक दूसरे के प्रति वाजिब कारण देकर एक दूसरे को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। टास्क के प्रोमो में करणवीर मेहरा ईशा और अविनाश को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। वहीं, रजत दलाल भी विवियन डीसेना को नॉमिनेट करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने विवियन डीसेना के लिए कहा, वे एक वेक अप कॉल की तरह विवियन की नॉमिनेट करना चाहेंगे। शिल्पा शिरोडकर अविनाश मिश्रा को नॉमिनेट करती हैं। वे कहती हैं कि अविनाश बहुत इरिटेटिंग लगता है। वो आकर बात करता है लेकिन छेड़ता रहता है। इसे लेकर शिल्पा ने अपने वाजिब कारण दिए। इसके बाद चुम विवियन डीसेना को नॉमिनेट करती हैं।



# 'रामायण' से पहले साई पल्लवी पहुंची काशी विश्वनाथ मंदिर



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय एक्ट्रेस साई पल्लवी फिल्म 'रामायण'से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में वह रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में साई, माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी और रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगले साल जनवरी में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म 'रामायण'की शूटिंग शुरू होने से पहले एक्ट्रेस साई पल्लवी वाराणसी पहुंची हैं, वह काशी विश्वनाथ मंदिर गईं। सोशल मीडिया पर उनकी जो फोटो वायरल हो रही हैं, उसमें वह काशी में मां अन्नपूर्णा के दर्शन करती हुई दिखीं। तस्वीरों में उनके साथ परिवार के लोग भी शामिल नजर आए। साई पल्लवी पूरी तरह से भक्ति भाव में डूबी हुई नजर आईं। साई पल्लवी ने मां अन्नपूर्णा के सामने बैठकर प्रार्थना की। इसके बाद मंदिर के पंडित जी ने उन्हें मां अन्नपूर्णा का प्रसाद दिया। फिल्म 'रामायण' में माता सीता की भूमिका के लिए साई पल्लवी काफी मेहनत कर रही हैं, वह इस भूमिका को बेहतरीन तरीके से निभाने की इच्छा रखती हैं।

# 2025 में ओटीटी पर आ रही हैं धमाकेदार वेब सीरीज

**नई दिल्ली।** साल 2025 में 'पाताल लोक सीजन 2', 'फैमिली मैन सीजन 3', 'डब्बा कार्टेल', 'बैंडवाले' और 'मटका किंग' जैसी कई बड़ी सीरीज का प्रीमियर होगा। दर्शकों को क्राइम-थ्रिलर, ड्रामा और कॉमेडी का भरपूर मनोरंजन मिलेगा। साल 2024 में आपने 'मिर्जापुर 3', 'सिटाडेल: हनी बनी', 'मामला लीगल है' से लेकर 'पंचायत 3' जैसी धमाकेदार वेब सीरीज देखी। मोस्ट अवेटेड 'स्क्विड गेम्स सीजन 2' भी स्ट्रीम होने ही वाली है। मगर साल 2025, इससे भी ज्यादा शानदार होगा। क्योंकि ये आप लोगों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लेकर तैयार है। कौन-कौन सी वेब सीरीज किस OTT प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर होगी, यही आज बताने जा रहे हैं। क्योंकि धमाका तगड़ा होने वाला है। इसलिए कुर्सी की पेटी बांध लीजिए।

**डब्बा कार्टेल** : नेटफ्लिक्स पर आने वाली 'डब्बा कार्टेल' एक ड्रामा-थ्रिलर सीरीज है। इसमें शालिनी पांडे, शबाना आज़मी, आकाशदीप सिंह, ज्योतिका, जीशु सेनगुप्ता और गजराज राव हैं। इसमें 5 होममेकर की कहानी देखने को मिलेगी। इसका निर्देशन हितेश भाटिया ने किया है और फरहान अख्तर और एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है।

**बैंडवाले** : सीरीज 'बैंडवाले' प्राइम वीडियो पर 2025 में स्ट्रीम होगी। इसमें शालिनी पांडे, शशि कपूर के पोते ज़हान कपूर, स्वानंद किरकिरे,





संजना दीपू, आशीष विद्यार्थी अहम किरदार में नजर आएंगे। इसका निर्देशन अनुपमा कुमार ने किया है। कहानी की बात करें तो वह मरियम के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो कविताएं लिखती है। और ऐसे शहर में फंसी है जहां लड़कियों का भविष्य सिर्फ शादी तक सीमित है। फिर वह इंटरनेट पर अपनी कविताएं अपने बैंड के साथ मिलकर अपलोड करती है और लोगों की सोच बदलने की कोशिश करती है।

**द ट्रायल सीजन 2** : पहले सीजन के बाद 'द ट्रायल सीजन 2' भी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। काजोल लीड रोल में होंगी। सुपर्ण वर्मा की डायरेक्टेड सीरीड फैमिली और कोर्ट रूम ड्रामा पर आधारित होगी।

**स्टारडम** : शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की डायरेक्टेड 'स्टारडम' भी 2025 में नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें कथित तौर पर सलमान खान, शाहरुख खान, रणबीर कपूर, बादशाह और बॉबी देओल होगा। सीरीज में ग्लैमरवर्ल्ड से जुड़ी चीजों के बारे में देखने को मिलेगा।

**प्रीतम पेड्रो** : डिजनी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली 'प्रीतम पेड्रो' एक क्राइम-थ्रिलर सीरीज है। इसमें अरशद वारसी और विक्रांत मैसी नजर आएंगे। वहीं, राजकुमार हिरानी का इससे OTT डेब्यू होगा। इसमें अरशद वारसी एक पुलिस अधिकारी के रोल में हैं। वहीं, विक्रांत टेक्निकल स्पेशलिस्ट हैं।

**मटका किंग** : विजय वर्मा की 'मटका किंग' भी 2025 में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। इनके अलावा इसमें कृतिका कामरा, साईं तम्हाकर और गुलशन ग्रोवर भी होंगे। इसका डायरेक्शन नागराज मंजुले ने किया है है और रॉय कपूर इसके प्रोड्यूसर हैं।

## बंटवारे के बाद चली गईं थी पाक, मगर उनकी आवाज की खनक दोनों मुल्कों में आज भी है बरकरार

# भारत में भी खूब रही पाकिस्तानी गायिका नूरजहां की दीवानगी

***नई दिल्ली।*** *भारत और पाकिस्तान, दोनों मुल्कों का तब बंटवारा नहीं हुआ था। सरहदें नहीं थीं। तब 21 सितंबर 1926 को लाहौर से लगभग 45 किलोमीटर दूर कसूर में एक बालिका का जन्म हुआ। नाम रखा गया अल्लाह राखी वसाई। अल्लाह राखी जब बड़ी हुई तो अपनी सुरीली आवाज से सभी का दिल जीत लिया। उस पर वे बला की खूबसूरत भी और अदाकारी का हुनर कुदरती रूप से मिला। आगे चलकर सिनेमा की दुनिया में उन्हें नूरजहां के रूप में जाना गया। सोमवार को उन्हीं नूरजहां की पुण्यतिथि थी। बंटवारे के बाद नूर जहां अपने शौहर के साथ पाकिस्तान चली गईं। मगर, उनकी आवाज की खनक दोनों मुल्कों में आज भी बरकरार है।*



### सात दशकों तक किया दर्शकों के दिलों पर राज

नूरजहां ने करीब सात दशकों तक प्रशंसकों के दिलों पर राज किया। जब वे पाकिस्तान गईं तो भारत में बेहद मशहूर गायिका और अदाकारा थीं। 'दोस्त', 'जीनत', 'बड़ी मां', 'जुगनू', 'खानदान' जैसी फिल्मों से वो भारत के घर घर में जानी-पहचानी जाती थीं। नूर जहां ने महान बनने के लिए बहुत मेहनत की थी और अपनी शर्तों पर जिंदगी जी। उनकी जिंदगी में अच्छे मोड़ भी आए और बुरे भी, उन्होंने शादियां कीं, तलाक दिए, प्रेम संबंध बनाए, नाम कमाया और अपनी जिंदगी के अंतिम क्षणों में बेइंतहा तकलीफ भी झेली।



### नूरजहां की फैन थीं स्वर कोकिला लता

नूर जहां की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर खुद उनकी बहुत बड़ी फैन थीं। कहा जाता है कि लता ताई नूर जहां को अपना आदर्श मानती थीं और खाली वक्त में उनके गाने सुना करती थीं। नूरजहां ने भी लता जी की गायकी को हमेशा सराहा। स्कार्स ऑफ 1947: रियल पार्टिशन स्टोरीज किताब के अनुसार लता जी एक बार अपनी दोस्त नूरजहां से मिलने पाकिस्तान के बॉर्डर पर पहुंची थीं। उनके पास वीजा-पासपोर्ट नहीं थे तो इसलिए उन्होंने पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। लता ने नूरजहां से बात की तब तय हुआ कि नूरजहां भी बार्डर पर ही आ जाएं। दोनों की मुलाकात के लिए नो मेन्स लैंड को चुना गया। उधर से नूरजहां पति के साथ आईं और दोनों की मुलाकात हुई।

### पाकिस्तान जाकर किया फिल्म का निर्माण

सिंगर बनने के साथ नूरजहां एक शानदार एक्ट्रेस बनीं। उन्होंने साल 1930 में रिलीज हुई फिल्म 'हिन्द के तारे' से अपनी शुरुआत की और एक साल बाद ही उन्होंने खुद को लोकप्रिय चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर स्थापित कर लिया था। 1930 से लेकर 1947 तक उन्होंने खुद को एक शानदार अभिनेत्री के साथ-साथ गायिका के रूप में भी स्थापित कर लिया। उन्होंने न सिर्फ कोलकाता में काम किया, बल्कि मुंबई और लाहौर में भी काम करती नजर आई थीं। लेकिन भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान शौकत रिजवी ने पड़ोसी देश जाने का फैसला किया था, जिसके बाद नूरजहां भी अपने पति के साथ पाकिस्तान में रहीं। हालांकि, पाकिस्तान में जाकर उन्होंने अपना काम जारी रखा और यहां पर भी एक से एक फिल्म में काम किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तान जाकर नूरजहां ने फिल्म 'चैनवे' का निर्माण और निर्देशन किया।

**10 हजार से ज्यादा गाने गाए :** पाक जाने के बाद नूरजहां ने 'गुलनार', 'फतेखान', 'लख्ते जिगर', 'इंतेजार', 'अनारकली', 'परदेसियां', 'कोयल' और मिर्जा गालिब जैसी फिल्मों में अभिनय से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। साल 1963 में उन्होंने अभिनय की दुनिया को अलविदा कह दिया था। कहा जाता है कि उन्होंने इंडस्ट्री में रहते हुए 10 हजार से भी ज्यादा गाने गाए थे। 23 दिसंबर 2000 को नूर जहां ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

***लता ताई के लिए बिरयानी लेकर आईं नूरजहां*** *: लता मंगेशकर खाने की बहुत शौकीन थी। उनसे मिलने नूर जहां अपने हाथों की बनी बिरयानी लेकर आईं। और लता जी वो बिरयानी खाना चाहती थीं। मगर बॉर्डर से कोई भी सामान का आदान-प्रदान करना मुमकिन नहीं था। लेकिन, कहा जाता है कि लता जी और नूर जहां की गुजारिश पर वाघा बॉर्डर पर स्थित नो मैन्स लैंड में दोनों पहुंचीं और दोनों ने बिरयानी खाई।*

## खबर संक्षेप



### वारी के तीन निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 850 करोड़ रुपये के तीन निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इनके तहत इलेक्ट्रोलाइजर और स्टोरेज सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित किये जाएंगे। बोर्ड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी वारी पावर प्राइवेट लिमिटेड के जरिये इन्वर्टर कारोबार में 130 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय को भी मंजूरी दी।

### रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 85.11 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेज सुधार के बावजूद रुपया मजबूत अमेरिकी मुद्रा के दबाव का सामना करने में विफल रहा और अंतरबैंक



विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे की गिरावट के साथ 85.11 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर की पर्याप्त मांग के कारण रुपया कमजोर रहा। इसके अलावा, अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि ने भी कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।

### पीवीआर आईनॉक्स ने मीडिया कारोबार का किया पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** पीवीआर आईनॉक्स लिमिटेड ने सोमवार को अपने 600 करोड़ रुपये के मीडिया कारोबार के पुनर्गठन की घोषणा की। इसके




तहत मुख्य बिक्री अधिकारी शालू सभरवाल देश भर में बाजार संपर्क को मजबूत करने और वृद्धि को बढ़ावा देने की पहल का नेतृत्व करेंगी। पीवीआर आईनॉक्स ने बयान में कहा कि सभरवाल उद्योग विशेषज्ञों की एक टीम का लाभ उठाकर मीडिया कारोबार को मजबूत करने के लिए रणनीतिक बदलाव का नेतृत्व करेंगी। वह पूरे भारत में व्यापार विकास की जिम्मेदारी संभालेंगी।

### श्रेयस मीडिया को महाकुंभ मेले में मिले विज्ञापन के अधिकार

हैदराबाद। आध्याश्री इन्फोटेनमेंट की इकाई श्रेयस मीडिया ने सोमवार को कहा कि उसे उत्तर प्रदेश के



प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले 'महाकुंभ मेला-2025' के लिए विशिष्ट विज्ञापन अधिकार मिले हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुंभ मेले में उसे वेंडिंग जोन, एक मनोरंजन क्षेत्र और एक फूड कोर्ट सहित कई अन्य गतिविधियों के अधिकार भी मिले हैं। कंपनी रणनीतिक रूप से चिह्नित स्थानों पर होर्डिंग, गैंट्री बॉक्स, वॉच/मीडिया टावर, बिजली खंभों पर ब्रांडिंग, चार्जिंग स्टेशन और बड़े गुब्बारों के जरिये विज्ञापन अवसर सृजित करेगी।

### सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स का कारोबार रोका

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को वित्तीय गलतबयानी, भ्रामक खुलासे, मूल्य हेरफेर और




बढ़े हुए मूल्यों पर शेयर बेचने के चलते भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड (बीजीडीएल) में कारोबार निलंबित कर दिया। नियामक ने कंपनी, इसके प्रबंध निदेशक अशोक कुमार सेवाडा, सीईओ मोहसिन शेख और निदेशकों - दिनेश कुमार शर्मा और निराली प्रभातभाई करेथा - और कई तरजीही शेयरों के आवंटियों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

# निसान, होंडा के विलय से बनेगी दुनिया की तीसरी बड़ी वाहन कंपनी

एजेंसी ⏭ टोक्यो

जापानी वाहन विनिर्माता होंडा और निसान ने विलय योजना की घोषणा की है। इस कवायद के पूरा होने के बाद बिक्री के लिहाज से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी अस्तित्व में आएगी।

गौरतलब है कि वाहन उद्योग इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ यह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता से दूर जा रहा है, दूसरी ओर इसे चीनी प्रतिद्वंद्वियों से तेज प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। दोनों कंपनियों ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## दोनों कंपनियां चीनी प्रतिद्वंद्वियों से तेज प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे

### मित्सुबिशी भी अपने व्यवसाय को एकीकृत कर रही

निसान के छोटे गठबंधन के सदस्य मित्सुबिशी मोटर्स ने भी अपने व्यवसायों को एकीकृत करने के लिए बातचीत में शामिल होने पर सहमति जताई है। निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माकोतो उचिदा ने बयान में कहा, ''हमें उम्मीद है कि अगर यह एकीकरण सफल होता है, तो हम व्यापक ग्राहक आधार को और भी अधिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम होंगे।''




### 50 अरब डॉलर से अधिक की कंपनी होगी

अपुष्ट खबरों में कहा गया था कि निकट सहयोग पर बातचीत आंशिक रूप से ताइवान के आईफोन विनिर्माता फॉक्सकॉन की निसान के साथ गठजोड़ करने की आकांक्षाओं से प्रेरित थी। निसान का फ्रांस की रेनो एसए और मित्सुबिशी के साथ गठबंधन है। तीनों वाहन विनिर्माताओं के बाजार पूंजीकरण के आधार पर विलय से 50 अरब डॉलर से अधिक कीमत की एक बड़ी कंपनी बन सकती है।

### जापान के ईवी वाहन प्रतिस्पर्धियों से पीछे रह गए

जापान में वाहन विनिर्माता इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों से पीछे रह गए हैं और अब वे लागत में कटौती करने और नुकसान की भरपाई करने की कोशिश कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में संभावित विलय की खबरें सामने आईं थीं।

### फ्रांस की रेनो ने मित्सुबिशी से मिलाया हाथ

होंडा और निसान के साथ फ्रांस की रेनो एसए और छोटी वाहन निर्माता मित्सुबिशी मोटर्स कॉर्प के गठबंधन को टोयोटा मोटर कॉर्प और जर्मनी की फॉक्सवैगन एजी के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। टोयोटा की जापान की माज्दा मोटर कॉर्प और सुबारू कॉर्प के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी है।

## एमआरओ सेवा से जुड़ी कंपनी का मूल्य 400 करोड़ आंका गया

# अदाणी समूह विमानों के रखरखाव से जुड़ी कंपनी एयर वर्क्स का करेगा अधिग्रहण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अदाणी समूह ने कहा कि वह 400 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर विमानों के रखरखाव, मरम्मत एवं देखभाल (एमआरओ) सेवा से जुड़ी कंपनी एयर वर्क्स का अधिग्रहण करेगा। समूह ने एक बयान में कहा, 'अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (एडीएसटीएल) ने भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की एमआरओ कंपनी एयर वर्क्स में 85.8 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।'

- अदाणी डिफेंस, एयर वर्क्स में 85.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी

अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस अत्याधुनिक रक्षा उत्पादों के डिजाइन, विकास और विनिर्माण से जुड़ी है। समूह ने कहा कि इस अधिग्रहण से रक्षा एमआरओ क्षेत्र में उसकी क्षमताएं बढ़ेंगी और भारत की हवाई रक्षा पारिस्थितिकी में उसकी स्थिति मजबूत होगी।

**खास बातें**

- अदाणी ने शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किया
- अधिग्रहण से अदाणी समूह की रक्षा एमआरओ क्षेत्र में क्षमता बढ़ेगी




### कंपनी वैश्विक ग्राहकों को विमानन सेवाएं देती है

एयर वर्क्स अपने भारतीय और वैश्विक ग्राहकों को विमानों के रखरखाव, सघन जांच, इंटीरियर के नवीनीकरण, पेंटिंग, पुनर्वितरण से जुड़ी जांच, वैमानिकी के साथ परिसंपत्ति प्रबंधन सेवाओं सहित व्यापक विमानन सेवाएं देती है। यह कंपनी होसुर, मुंबई और कोच्चि में स्थित अपनी इकाइयों से छोटे आकार वाले एवं टर्बोप्रॉप विमानों के साथ रोटरी विमानों के रखरखाव का काम करती है।

### एयर वर्क्स का पूरे देश में व्यापक मौजूदगी

यह रणनीतिक अधिग्रहण अदाणी समूह के वृद्धि पथ के लिए महत्वपूर्ण कदम है और इससे नागर विमानन सेवा क्षेत्र में समूह विस्तार कर सकेगा। एयर वर्क्स की पूरे देश में व्यापक मौजूदगी है। देश के 35 शहरों में फैले परिचालन और 1,300 से अधिक कर्मचारियों वाली एयर वर्क्स को फिक्स्ड-विंग और रोटरी-विंग दोनों तरह के विमानों की 'सर्विसिंग' में महारत हासिल है।

### एयर वर्क्स को 20 से अधिक देशों का अनुमोदन

इसे दुनिया के 20 से अधिक देशों के नागर विमानन प्राधिकरणों से नियामकीय अनुमोदन मिला हुआ है। नागर विमानन क्षेत्र में अग्रणी एयर वर्क्स ने सैन्य एमआरओ गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण क्षमताएं विकसित की हैं। इसने भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के प्रमुख मंचों के लिए भी कई परियोजनाओं को अंजाम दिया है।

### भारतीय विमान उद्योग विश्व का तीसरा बड़ा उद्योग

अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक जीत अदाणी ने कहा, ''भारतीय विमानन उद्योग अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा उद्योग है और आने वाले वर्षों में 1,500 से अधिक विमानों को शामिल करने जा रहा है। यह वृद्धि देश के हर कोने को हवाई संपर्क से जोड़ने के सरकार के नजरिये से मेल खाती है जिससे विमानन सेवाओं में अभूतपूर्व अवसर पैदा होते हैं।''

### भारत की एमआरओ क्षमताएं बढ़ेगी

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष राजवंशी ने बयान में कहा, ''यह ऐतिहासिक अधिग्रहण भारत की एमआरओ क्षमताएं बढ़ाने के कंपनी के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम को दर्शाता है। हमारा दृष्टिकोण वाणिज्यिक और रक्षा विमानन क्षेत्रों दोनों की जरूरतें पूरी करने के लिए एक व्यापक एमआरओ पेशकश देने का है।''

# साधारण बीमा कंपनियों का दावा अनुपात घटा : इरडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साधारण बीमा उद्योग का शुद्ध प्रीमियम के अनुपात में दावा 2023-24 के दौरान मामूली रूप से घटकर 82.52 प्रतिशत रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 82.95 प्रतिशत था। बीमा नियामक इरडा की सालाना रिपोर्ट में यह कहा गया है।

- वर्ष 2023-24 में घटकर 82.52 प्रतिशत रहा

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में गैर-जीवन बीमा उद्योग ने देश में सालाना आधार पर 12.76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 2.90 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष प्रीमियम प्राप्त किया। सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों का योगदान 2023-24 में 8.88 प्रतिशत बढ़कर 90,252 करोड़ रुपये रहा। एक साल




पहले यह 82,891 करोड़ रुपये था। साधारण बीमा कंपनियों का कुल लाभ 2023-24 में 10,119 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 2,566 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में सकल रूप से शुद्ध दावे 15.39 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये हो गए जो एक साल पहले 1.49 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'साधारण बीमा उद्योग का दावा अनुपात (शुद्ध अर्जित प्रीमियम पर शुद्ध दावा) 2023-24 के दौरान 82.52 प्रतिशत था, जबकि पिछले वर्ष यह 82.95 प्रतिशत था।'

### व्यय दावा अनुपात 97.23 फीसदी रहा

*सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के लिए व्यय दावा अनुपात 2023-24 में 97.23 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वर्ष में यह अनुपात 99.02 प्रतिशत था। निजी क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों, स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेष बीमाकर्ताओं के लिए व्यय दावा अनुपात 2023-24 में क्रमशः 76.49 प्रतिशत, 63.63 प्रतिशत और 66.58 प्रतिशत था।*

## बिजनेस साइट

### पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय शैक्षणिक संगोष्ठी आयोजित

**हरिद्वार।** भारतीय शिक्षा प्रणाली में परंपराओं और नवाचारों का समावेश करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय शैक्षणिक संगोष्ठी 'विद्यालयी शिक्षा में परिवर्तनः नवीन भारत निर्माण हेतु भारतीय मूल्यों का समावेशन' का सफल समापन हुआ। यह संगोष्ठी हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में भारत सरकार द्वारा स्थापित और पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रायोजित नवीन राष्ट्रीय विद्यालय बोर्ड, भारतीय शिक्षा बोर्ड ने आयोजित की थी। इस संगोष्ठी में देशभर के कई प्रतिष्ठित शैक्षिक और सामाजिक संस्थानों ने भाग लिया। इनमें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान, भारतीय



शिक्षण मंडल, ईशा योग फाउंडेशन, रामकृष्ण मिशन शैक्षिक और शोध संस्थान और विवेकानंद केंद्र जैसी संस्थाओं ने भारतीय शैक्षिक दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए।

#### भारतीय मूल्यों को अपनाने पर जोर

संगोष्ठी का उद्घाटन पतंजलि आयुर्वेद के संस्थापक और प्रसिद्ध योग गुरु स्वामी रामदेव ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में युवा पीढ़ी को भारतीय मूल्यों और दृष्टिकोणों को अपनाने की प्रेरणा दी और उन्हें वैश्विक नेतृत्व में बदलने के लिए स्वदेशी शिक्षा प्रणाली के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

### मणिपाल अकादमी और एक्सिस बैंक की महिलाओं के लिए यंग बैंकर्स कोहॉर्ट लांच

**रायपुर।** बीएफएसआई क्षेत्र के लिए भारत की अग्रणी शिक्षण समाधान प्रदाता, मणिपाल अकादमी ऑफ बीएफएसआई (एमएबीएफएसआई) ने हाल ही में एक्सिस बैंक के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत केवल महिलाओं के लिए एक्सिस बैंक यंग बैंकर्स प्रोग्राम लांच किया गया। कार्यबल में विविधता बढ़ाने के लिए तैयार इस कोहॉर्ट का आधिकारिक तौर पर एमएबीएफएसआई के बेंगलुरु स्थित परिसर में एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट एंड हेड - ह्यूमन रिसोर्सेज, राजकमल वेम्पति ने उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम,



विविधता वाले समावेशी कार्यबल के निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यंग बैंकर्स प्रोग्राम, एक्सिस बैंक और मणिपाल अकादमी ऑफ बीएफएसआई के बीच हुई साझेदारी है, जिसके तहत पिछले 12 साल में 16,000 से अधिक स्नातकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है। सिर्फ महिलाओं के लिए बने इस कोहॉर्ट की शुरुआत से महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई।

### सेबी 27 जनवरी को पांच कंपनियों की संपत्तियों की करेगा नीलामी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी विशाल ग्रुप और सुमंगल इंडस्ट्रीज सहित पांच कंपनियों की 28 संपत्तियों की 27 जनवरी को नीलामी करेगा। निवेशकों




से अवैध रूप से एकत्र की गयी राशि की वसूली के लिए यह कदम उठाया गया है। संपत्तियों की नीलामी 28.66 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। उक्त दो कंपनियों के अलावा रवि किरण रियल्टी इंडिया, मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स और पुरुषत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज की संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल और ओडिशा में स्थित फ्लैट, आवासीय संपत्ति और फ्लैट, भूखंड और इमारत के साथ जमीन शामिल है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के 19 दिसंबर को जारी एक नोटिस के अनुसार, इन संपत्तियों की नीलामी 28.66 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी।

# पांच दिन से जारी गिरावट पर विराम, सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 500 अंक चढ़ गया। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

- वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार को समर्थन

इसके अलावा, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला।तीस शेयरों पर



आधारित बीएसई सेंसेक्स 498.58 अंक चढ़कर 78,540.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 876.53 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 165.95 अंक की बढ़त के साथ 23,753.45 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, हाल की बिकवाली के बाद भारतीय बाजार ने उम्मीद दिखायी है। अपेक्षा से कम अमेरिकी पीसीई (व्यक्तिगत खपत व्यय) आंकड़े ने ब्याज दर से संबंधित क्षेत्रों में निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। चौतरफा खरीदारी देखी गई।

### आईटीसी रहा लाभ में

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे अधिक लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में जोमैटो, मारुति, नेस्ले, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

### जीएसपी क्रॉप ने आईपीओ लाने किया दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** कृषि रसायन (एग्रोकेमिकल) कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। दस्तावेजों के मसौदे (डीआरएचपी) के अनुसार, अहमदाबाद स्थित कंपनी का आईपीओ 280 करोड़ रुपये के शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तकों द्वारा 60 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश




(ओएफएस) का मिश्रण है। आईपीओ में कंपनी के कर्मचारियों के लिए भी शेयर आरक्षित रहेंगे। कंपनी आईपीओ-पूर्व नियोजन के जरिये 56 करोड़ रुपये जुटाने पर विचार कर सकती है। अगर ऐसा होता है, तो नए निर्गम का आकार कम हो जाएगा। दस्तावेजों के अनुसार, नए निर्गम से मिलने वाली 200 करोड़ रुपये की राशि का इस्तेमाल कर्ज के भुगतान के लिए किया जाएगा और एक हिस्सा सामान्य कंपनी कामकाज के लिए रखा जाएगा।

# भारत की डेटा सेंटर क्षमता 2027 तक होगी दोगुनी से अधिक : क्रिसिल

## कंपनियां क्लाउड भंडारण में अपना निवेश बढ़ा रही



एजेंसी ⏭ मुंबई

देश में डिजिटलीकरण बढ़ने से कंपनियां क्लाउड भंडारण में अपना निवेश बढ़ा रही हैं जिससे डेटा सेंटर की क्षमता वर्ष 2026-27 तक दोगुनी से अधिक होकर 2-2.3 गीगावाट हो जाएगी। क्रिसिल रेटिंग्स ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

- डेटा सेंटर की क्षमता बढ़कर 2 से 2.3 गीगावाट हो जाएगी

रिपोर्ट के मुताबिक, जेनरेटिव कृत्रिम मेधा (जेनएआई) की बढ़ती पहुंच मध्यम अवधि में डेटा सेंटर की मांग बढ़ाएगी। मजबूत मांग का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय के चलते ऋण स्तर में मध्यम वृद्धि होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, डेटा सेंटर कंप्यूटिंग एवं भंडारण अवसंरचना की मांग को पूरा करते हैं। कोविड महामारी के बाद उद्यम तेजी से अपने व्यवसायों को क्लाउड सहित डिजिटल मंच पर स्थानांतरित कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च-गति वाले डेटा की बढ़ती पहुंच ने सोशल मीडिया, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच और डिजिटल भुगतान सहित इंटरनेट के उपयोग में जोरदार तेजी ला दी है।

### 65,000 करोड़ रुपए निवेश की होगी जरूरत

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक और उप मुख्य रेटिंग अधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा, ''डेटा सेंटर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अगले तीन वित्त वर्षों में 55,000-65,000 करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत है। यह निवेश मुख्य रूप से भूमि और भवन, बिजली उपकरण और शीतलन समाधान के लिए होगा।''

## दो एयरलाइनें हुई बंद, एक एयरलाइन दिवाला प्रक्रिया के रास्ते पर

# 2025 में भारतीय विमानन क्षेत्र में बढ़ जाएंगे विमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/मुंबई

तेजी से बढ़ते भारतीय विमानन क्षेत्र में वर्ष 2025 के दौरान बड़े-बड़े विलय, बढ़ते बेड़े, उड़ानों और हवाई अड्डों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। हालांकि, आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं के काले बादल लंबे समय तक बने रहेंगे।

इसके अलावा नई एयरलाइनों की शुरुआत, पायलटों की थकान से निपटने के लिए संशोधित मानदंडों पर आगे की स्थिति और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयासों पर नजर बनी रहेगी। वर्ष 2024 में एक तरफ दो एयरलाइनें बंद हो गईं और एक एयरलाइन दिवाला प्रक्रिया के रास्ते पर है।




### घरेलू विमान यात्रियों की संख्या बढ़ी

*दूसरी तरफ विमानों के ऑर्डर बढ़ गए और एक दिन में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या कम से कम दो बार रिकॉर्ड पांच लाख से अधिक हो गई। हवाई किराए में उतार-चढ़ाव ने चिंता बढ़ा दी। इस साल 14 नवंबर तक एयरलाइनों को 999 बार बम होने की झूठी खबर का सामना भी करना पड़ा।*

### देश को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने पर ध्यान

*मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यातायात 16.4-17 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान है। उद्योग का ध्यान अब चौड़े आकार वाले विमानों को बढ़ाने, अधिक संख्या में सीधे विदेशी उड़ान संपर्क स्थापित करने और देश को वैश्विक विमानन केंद्र बनाने पर होगा।*

### भारतीय एयरलाइंस का बेडा 800 से अधिक विमानों का

भारतीय एयरलाइंस का बेड़ा 800 से अधिक विमानों का है, जिसमें 60 से अधिक चौड़े आकार के विमान शामिल हैं, और 157 हवाई अड्डे हैं। एयर इंडिया ने 12 नवंबर को एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सिंगापुर एयरलाइंस के आंशिक स्वामित्व वाली विस्तारा का विलय पूरा किया।

### एयर इंडिया ने दिए 100 एयरबस के ऑर्डर

टाटा समूह ने एयर इंडिया के उड़ान रिटर्न कार्यक्रम का नाम बदलकर 'महाराजा क्लब' करने का फैसला किया है। अपने विस्तार के क्रम में एयर इंडिया ने नौ दिसंबर को 100 और एयरबस विमान खरीदने का ऑर्डर देने की घोषणा की। इसमें 10 चौड़े आकार के ए350 और 90 संकरे आकार के ए320 विमान शामिल हैं।

### इंडिगो बनी देश की सबसे बड़ी एयरलाइन

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस साल 18 साल की हो गई है और उसने चुनिंदा उड़ानों में 'बिजनेस क्लास' सीटें भी शुरू की हैं। एयरलाइंस को अगले साल अपना पहला ए321 एक्सएलआर लेने की उम्मीद है। उसने मई में 30 चौड़े आकार के ए350-900 विमानों के लिए एक ऑर्डर दिया।

# हरमनप्रीत-प्रवीण को मिलेगा खेल रत्न, दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का नाम गायब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में हॉकी टीम को लगातार दूसरा पदक दिलाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले हाईजंपर प्रवीण कुमार के नाम की सिफारिश देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई है। पेरिस ओलंपिक में ही पदक जीतने वाले शूटर स्वप्निल कुसाले और पहलवान अमन सेहरावत को अर्जुन अवॉर्ड देने की सिफारिश की गई है।

वहीं, पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले मनु भाकर के नाम की सिफारिश शीर्ष खेल पुरस्कार के लिए नहीं की गई है। बताया जाता है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन नहीं किया, लेकिन खेल मंत्रालय ने भी इस पुरस्कार के लिए उनके नाम पर स्वतः संज्ञान नहीं लिया। मंत्रालय ने बीते वर्ष ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी के नाम पर स्वतः संज्ञान लेकर अर्जुन अवॉर्ड दिया था। हालांकि मनु के पिता रामकिशन भाकर का कहना है कि मनु ने खेल रत्न के लिए आवेदन किया था।



## मुरलीकांत पेटकर को लाइफटाइम अर्जुन अवॉर्ड

सूत्र बताते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत जज जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम की अगुवाई वाली 12 सदस्यीय अवॉर्ड कमेटी ने पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाले सात खिलाड़ियों (हॉकी के पांच) और 17 पेरिस पैरालंपिक के पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश अर्जुन अवॉर्ड के लिए की है। इनके अलावा छह अन्य खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश अर्जुन अवॉर्ड के लिए हुई है। कुल 30 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा। देश को पैरालंपिक में पहला पदक दिलाने वाले पैरा तैराक पद्म श्री मुरलीकांत पेटकर के नाम की सिफारिश लाइफ टाइम अर्जुन अवॉर्ड के लिए की गई है। इस वर्ग के लिए दो खिलाड़ी चुने गए हैं।



## मंत्रालय ने कहा- सूची फाइनल नहीं

दो ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर की इस साल ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिए उपेक्षा किए जाने की खबरों के बीच खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने कहा है कि अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक सप्ताह में पुरस्कारों का खुलासा होने पर उसका नाम सूची में होगा। अगस्त में पेरिस ओलंपिक में मनु एक ही खेलों में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गई जब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

## सुभाष राणा को द्रोणाचार्य

द्रोणाचार्य अवॉर्ड के नियमित वर्ग के लिए चार और लाइफटाइम वर्ग के लिए दो के नाम की सिफारिश की गई है। इनमें पैराशूटिंग कोच सुभाष राणा, पैरा एथलेटिक कोच अमित सरोहा भी शामिल हैं। बतौर खिलाड़ी खेलने के नाते सरोहा के नाम पर मंत्रालय के समक्ष आपत्ति भी जताई गई है।

## इनके नाम की सिफारिश

अर्जुन अवॉर्ड के लिए सिफारिश किए गए नामों जर्मनप्रीत सिंह, संजय, राजकुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह के अलावा पैरा एथलीट नवदीप सिंह (भाला फेंक), धर्मबीर, अजीत सिंह, सचिन खिलारी, प्रणव सूरमा, प्रीति पाल, सिमरन, होकातो, दीप्ति जीवनजी, नितेश कुमार, पैरा शटलर नितेश कुमार, मनीषा रामदास, तुलसीमति, नित्या सिवन, पैरा शूटर मोना अग्रवाल, रुबीना फ्रांसिस, पैरा जुडोका कपिल परमार प्रमुख हैं।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला टीम की नजरें श्रृंखला जीतने पर

**वड़ोदरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में सभी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 211 रन की शानदार जीत दर्ज की। आगामी महीनों में भारतीय टीम के सभी मुकाबले महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि अगले साल देश में आईसीसी विश्व कप का आयोजन होना है।

### बुमराह से निपटने के लिए रणनीति तैयार

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के सैम कोंस्टास के लिए कुछ साल पहले तक क्रिसमस की पूर्व संध्या का मतलब घर के पिछवाड़े में अपने भाई के साथ क्रिकेट खेलने होता था। अब यह 19 वर्षीय बल्लेबाज



भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए दुनिया के सबसे घातक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से यहां खेला जाएगा। कोंस्टास ने कहा, 'मैंने बुमराह से निपटने के लिए रणनीति तैयार कर ली है लेकिन यहां मैं उसका खुलासा नहीं करूंगा। मैं गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करूंगा।'

### अध्यक्ष चौबे के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**तिरुवनंतपुरम।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व सचिव शाजी प्रभाकरन ने अध्यक्ष कल्याण चौबे के खिलाफ 'अनैतिक आचरण' के



कारण हु ए वित्तीय नुकसान को लेकर एआईएफएफ, एशियाई फुटबॉल परिसंघ और फीफा की 'नैतिक समितियों' में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### अमेरिकी ओपन के युगल चैंपियन पर्सेल निलंबित



**मेलबर्न।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता युगल खिलाड़ी मैक्स पर्सेल को टेनिस के डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने टेनिस के डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की है, जो प्रतिबंधित तरीके से दवा लेने से संबंधित है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : मैच से तीन दिन पहले ही नई अभ्यास पिच देने पर अड़े क्यूरेटर

# भारत खराब अभ्यास पिचों से नाखुश उछाल लेती गेंद से रोहित चोटिल

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास पिचों पर असंतोष जताया। रोहित शर्मा के घुटने पर लगी चोट के लिए पिच के असमान उछाल को भारतीय टीम ने जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के क्यूरेटर मैट पेज ने पिचों का बचाव करते हुए कहा कि इसमें 'मानक प्रोटोकॉल' का पालन किया गया। सहायक स्टाफ के सदस्य दयानंद गरानी के थ्रोडाउन को खेलने की कोशिश करते हुए रोहित के बाएं घुटने में सूजन आ गई और उन्होंने इसके बाद रविवार को नेट पर अभ्यास नहीं किया। टीम ने सोमवार को अभ्यास नहीं करने का फैसला किया। पता चला कि रात को कप्तान के पैर की सूजन पर बर्फ लगानी पड़ी और टीम के 'थिंक टैंक' ने इसके लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय टीम ने दो महीने पहले अपना ट्रेनिंग कार्यक्रम भेजा था लेकिन एमसीजी क्यूरेटर टेस्ट मैच से तीन दिन पहले ही नई अभ्यास पिच देने की मानक संचालन प्रक्रिया पर अड़े रहे। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से शुरू होगा।



### शमी पूरी तरह फिट नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों की टीम के चयन की दौड़ से बाहर रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को यह जानकारी दी। शमी भारत के लिए पिछला टूर्नामेंट नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल में खेले थे और इसके बाद टखने की सर्जरी के कारण उन्हें लंबे समय तक बाहर रहने पर मजबूर होना पड़ा।

### पिच तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल

एमसीजी में पर्थ की तरह उछाल या गाबा की तरह सीम मूवमेंट नहीं होगी लेकिन फिर भी छह मिमी घास के कारण पिच तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल होगी। पेज ने कहा कि इतनी दरारें नहीं बनेंगी कि स्पिनरों को मदद मिले। पेज ने कहा, 'सात साल पहले पिच काफी सपाट थी, हम एक रोमांचक मुकाबला और रोमांचक टेस्ट मैच चाहते हैं इसलिए हम अधिक घास छोड़ेंगे जो गेंदबाजों की भूमिका बनाता है। लेकिन नई गेंद के पुराना होने के बाद यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा होगा। हम छह मिमी घास रखेंगे और हम देखेंगे कि चीजें कैसी रहती हैं।'

### कोटियान भारतीय टीम में शामिल

मुंबई के आफ स्पिनर तनुष कोटियान को हाल ही में क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रविचंद्रन अश्विन की जगह आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। समझा जाता है कि भारत ए दौरे का हिस्सा रहे 26 वर्ष के कोटियान को वॉशिंगटन सुंदर के कवर के तौर पर टीम में रखा गया है। अहमदाबाद में विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे कोटियान मंगलवार को मुंबई से रवाना होंगे और बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले मेलबर्न पहुंच जाएंगे।

### मानक प्रक्रिया का किया पालन

भारत को मुख्य पिच जैसी पिच क्यों नहीं मिली, इस बारे में पेज ने संवाददाताओं से कहा, 'हम तीन दिन पहले यहां पिच तैयार करते हैं। अगर टीम उससे पहले आकर खेलती हैं तो उन्हें वही पिचें मिलेंगी जो हमारे पास उपलब्ध हैं। इसलिए आज हम नई पिचों पर हैं। अगर हमें आज सुबह खेलना होता तो वे उन नई पिचों पर खेलते। हमारे लिए तीन दिन पहले की मानक प्रक्रिया है। हम अपनी पिचें बनाते हैं जो हमें अपने टेस्ट मैच के लिए चाहिए होती हैं।'

### कार्यक्रम का पता नहीं

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें भारतीय कार्यक्रम की जानकारी थी और क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को जानकारी दी थी तो उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया। पेज ने बताया, 'हां, उन्होंने हमें कार्यक्रम दिया है। सीए और भारतीय बोर्ड के बीच पत्राचार हुआ है और उनमें क्या बात हुई मुझे नहीं पता।'

क्रिकेट

# पाकिस्तान ने वनडे श्रृंखला में अफ्रीका का किया सूपड़ा साफ



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से 36 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

सलामी बल्लेबाज सैम अयूब ने 94 गेंद पर 101 रन बनाए जिससे पाकिस्तान ने बारिश के कारण 47 ओवर का कर दिए गए मैच में नौ विकेट पर 308 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 308 रन का लक्ष्य रखा गया लेकिन उसकी टीम 42 ओवर में 271 रन बनाकर आउट हो गई।

पाकिस्तान ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक का विकेट पहले ओवर में ही गंवा दिया।

अयूब ने इसके बाद बाबर आजम (52) के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रन और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) के साथ तीसरे विकेट के लिए 93 रन की दो महत्वपूर्ण साझेदारियां की। पहले वनडे में 109 रन बनाने वाले 22 वर्षीय अयूब को अपना पहला वनडे खेल रहे कॉर्बिन बॉस ने विकेट के पीछे कैच आउट कराया। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए।

न्यूजीलैंड को 75 रन से हराया

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता वनडे चैंपियनशिप का खिताब




एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

महिला वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन साल 2025 में किया जाना है। टूर्नामेंट की मेजबानी इस बार भारत के हाथों में है। वर्ल्ड कप के डायरेक्ट क्वालिफिकेशन के लिए टीमों को आईसीसी चैंपियनशिप की अंक तालिका टॉप 5 में फिनिश करना था। वहीं टीम इंडिया होस्ट होने के कारण पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी है।

वहीं इस चैंपियनशिप की अंक तालिका में पहले स्थान पर रहने वाली टीम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम करती है। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस खिताब को जीत लिया है। उनकी टीम ने अंक तालिका में पहले स्थान पर फिनिश किया है। आईसीसी महिला चैंपियनशिप के दौरान सभी टीमों को तीन-तीन मैचों की कुल 8 सीरीज खेलनी थी। जिसके तहत 24 मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने अपने 24 मैचों का अभियान पूरा कर लिया है और 2022-25 साइकल में उन्होंने 17 मैचों में जीत हासिल की है। वहीं सिर्फ तीन हार के साथ 39 अंक हासिल किए हैं। इस अंक तालिका में भारतीय महिला टीम उनके लिए खतरा थी, लेकिन भारतीय महिला टीम के सिर्फ पांच मैच बचे हैं। वह अपने बचे हुए पांच मैचों में जीत भी हासिल कर लेते हैं तो भी वह 37 अंक तक ही पहुंच सकेंगी। जो कि ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले दो अंक कम होंगे। टीम इंडिया को दो मैच वेस्टइंडीज और तीन मैच आयरलैंड के खिलाफ खेलना है।

### न्यूजीलैंड को हराकर जीता खिताब

ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम और न्यूजीलैंड की महिला टीम के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली गई। इस सीरीज को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2-0 से अपने नाम किया। सीरीज के तीसरे मुकाबले में मिली जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने चैंपियनशिप का खिताब भी जीत लिया है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम अब मुश्किल स्थिति में नजर आ रही है। उनकी टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 75 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियन टीम ने 290 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 215 रन ही बना सकी।

## स्ट्राइक रोटेट करना बुमराह का सामना करने में अहम

**मेलबर्न।** पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सलाह दी है कि वे भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ सफल होने के लिए स्ट्राइक रोटेट करने और मजबूत डिफेंस पर ध्यान केंद्रित करें। कैटिच ने कहा कि बुमराह शायद ही कभी ढीली गेंद फेंकते हैं इसलिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को अपने दृष्टिकोण में रणनीतिक रूप से अच्छा होना चाहिए।



कैटिच ने कहा, ''मुझे पता है कि सभी बातें अधिक सकारात्मक इरादे के बारे में हैं और मुझे लगता है कि यह सब ठीक है और यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका उन्हें ध्यान रखना चाहिए। लेकिन बुमराह जैसे खिलाड़ी के खिलाफ इरादा सिर्फ उन्हें चौके मारने के बारे में नहीं है क्योंकि वह बहुत खराब गेंद नहीं फेंकता। इसलिए उस इरादे का एक बड़ा हिस्सा स्ट्राइक रोटेट करने और बहुत अच्छे डिफेंस में सक्षम होना चाहिए क्योंकि यदि आप दसवें ओवर के बाद वहां नहीं हैं तो आप किसी भी इरादे से नहीं खेल पाएंगे। यह इन सभी खिलाड़ियों के लिए चुनौती है।'

# तानिया दिल्ली सरकार से मान्यता नहीं मिलने पर दुखी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियाड स्वर्ण विजेता भारतीय शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव ने सोमवार को दिल्ली सरकार से 'मान्यता नहीं मिलने' पर दुख जताया जिसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने इस मामले पर 'विचार और सुझाव' के लिए उनसे संपर्क किया। राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाली 38 वर्षीय अर्जुन पुरस्कार विजेता तानिया ने 'एक्स' पर लिखा, '2008 से भारत के लिए खेलने के बाद शतरंज में उपलब्धियों के लिए दिल्ली



सरकार से मान्यता नहीं मिलना निराशाजनक है। जो राज्य अपने चैंपियन का समर्थन करते हैं और उनका जश्न मनाते हैं वे सीधे उत्कृष्टता को प्रेरित करते हैं और प्रतिभा को प्रेरित करते हैं।

दुख की बात है कि दिल्ली ने अभी तक यह कदम नहीं उठाया है। 2022 शतरंज ओलंपियाड में मैं ऐतिहासिक टीम कांस्य और व्यक्तिगत पदक जीता। दो साल बाद 2024 में ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक और आज तक राज्य सरकार द्वारा कोई मान्यता नहीं दी गई है।'

# 21 पुरुष और 20 महिला टीमों की होगी भागीदारी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में अगले महीने आयोजित होने वाले पहले खो-खो विश्व कप को लेकर अत्यधिक रुचि के कारण भाग लेने वाली टीमों की संख्या में बढ़ोतरी की है। भारतीय खो-खो महासंघ ने सोमवार को बताया कि इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में पहले 16-16 टीमों को भाग लेना था लेकिन दिल्ली और नोएडा में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में अब 21 और महिला वर्ग में 20 टीमें भाग लेंगी। इस विश्व कप में एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया महाद्वीपों के देश चुनौती पेश करेंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हम विदेशी प्रतिनिधियों की सुविधाओं को ध्यान में रख रहे हैं। हमने अपने मेहमानों के लिए उनकी आहार संबंधी जरूरतों के मुताबिक योजना तैयार की है। हम उन्हें आहार, रहने और परिवहन सुविधाएं भी प्रदान कर रहे हैं, ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। यहां रहने के दौरान कोई भी समस्या नहीं होगी।'






# आखिर क्यों समुद्र का पानी खारा और नदियों का मीठा होता है? जानिए क्या है इसके पीछे का रहस्य

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन


वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक, समुद्र का जन्म करीब 50 करोड़ साल से 100 करोड़ साल के बीच हुआ होगा। हालांकि, इसका अनुमान लगाना कठिन है कि आखिर धरती के विशालकाय गड्ढे पानी से कैसे भर गए? शायद ही कोई ऐसा होगा जिसे यह नहीं पता हो कि समुद्र की सतह से ही किसी जगह की ऊंचाई मापी जाती है। मतलब धरती की सबसे निचली सतह है। इसकी वजह से नदियों का पानी भी आकर अंततः समुद्र में ही मिल जाता है। यह 100-200 पहले से नहीं हो रहा है, बल्कि ऐसा तो हजारों-लाखों साल से होता आ रहा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि आखिर समुद्र का पानी ही खारा (नमकीन) क्यों होता है? जबकि नदियों का पानी खारा नहीं होता है।

वैज्ञानिकों के अनुमान के मुताबिक, समुद्र का जन्म करीब 50 करोड़ साल से 100 करोड़ साल के बीच हुआ होगा। हालांकि, इसका अनुमान लगाना कठिन है कि आखिर धरती के विशालकाय गड्ढे पानी से कैसे भर गए? आखिर इन विशालकाय गड्ढों का निर्माण कैसे हुआ? हालांकि, ऐसा माना जाता है कि पृथ्वी का जब जन्म हुआ तो वह आग का एक विशाल गोला थी। इसके बाद जब धरती धीरे-धीरे ठंडी होने लगी तो चारों तरफ गैस के बादल फैल गए।

## समुद्र का पानी रहता है नदियों और झरनों में

आपको शायद ही यह पता हो कि नदियों और झरनों में भी समुद्र का ही पानी रहता है। दरअसल, समुद्र से भाप उठती है, जिससे बादलों का निर्माण होता है और इसी से बारिश होती है। इसके बाद यही पानी नदियों और झरनों में जाता है। इसमें लवण भी घुले होते हैं, लेकिन उनकी मात्रा कम होती है। इसकी वजह से नदी और झरनों का पानी अक्सर मीठा होता है। इसके बाद बारिश का पानी वापस समुद्र में पहुंचता है तो वहां थोड़े-थोड़े करके लवण जमा होते जाते हैं। हजारों-लाखों साल तक समुद्र में लवणों के जमा होने की वजह से उसका पानी खारा हो जाता है। ये लवण हैं सोडियम और क्लोराइड, जिससे नमक का निर्माण होता है।

## समुद्र के कई रहस्य आज भी हैं अनसुलझे



महासागर के पानी में जीवों की लाखों प्रजातियां रहती हैं। इनमें कुछ विशालकाय जीव भी हैं, जैसे- व्हेल मछली, शार्क मछली, ऑक्टोपस, एनाकोंडा सांप आदि। वैसे तो वैज्ञानिक भी अभी तक समुद्रों के बारे में पूरी तरह नहीं जान पाए हैं। समुद्र के कई रहस्य आज भी अनसुलझे ही हैं।

## क्या है पौराणिक कहानी?

समुद्र का पानी खारा होने के पीछे एक पौराणिक कहानी भी है। कहा जाता है कि एक बार समुद्र देव ने देवी पार्वती से विवाह करने का प्रस्ताव रखा, चूंकि माता पार्वती पहले ही भगवान शिव को अपना पति मान चुकी थीं। इसलिए उन्होंने समुद्र देव के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इससे समुद्र देव क्रोधित हो गए और माता पार्वती के सामने ही भगवान शिव को भला-बुरा कहने लगे। इसपर माता पार्वती गुस्सा हो गईं और उन्होंने उन्हें श्राप दिया कि जिस मीठे पानी पर तुम्हें इतना अभिमान है और दूसरों की बुराई करते हो, वही पानी आज से खारा (नमकीन) हो जाए, जिसे कोई पी न पाए।

# राज्य में 15 लाख की सेहत जांची, रायपुर जिले में ही हाई रिस्क ग्रुप में आए 27 हजार से ज्यादा

## टीबी, कुष्ठ और शारीरिक समस्या से पीड़ित वयोवृद्ध जनों की पहचान के लिए सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीबी, कुष्ठ सहित शारीरिक समस्या से पीड़ित वयोवृद्ध जनों की पहचान कर उन्हें उपचार की सुविधा दिलाने मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से निक्षय निरामय अभियान पूरा किया जा रहा है। सौ दिन के इस अभियान के पहले पखवाड़े में रायपुर जिले में 7 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई है, जिसमें 27 हजार से ज्यादा लोगों को हाईरिस्क ग्रुप का माना गया है। प्रदेश में अब तक 15 लाख लोगों की इस तरीके से स्क्रीनिंग की गई है। मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के आधार पर जानकारी ले रहे हैं। इस जानकारी के आधार पर जो शख्स संदिग्ध मिल रहा है, उसे उच्च श्रेणी के जोखिम वाले ग्रुप में शामिल किया जा रहा है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी एवं क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि पखवाड़ेभर में रायपुर जिले में करीब सात लाख लोगों की सेहत संबंधी जानकारी हासिल की गई है, इसमें शारीरिक समस्या से जूझ रहे सीनियर सिटीजन के साथ बीपी-शुगर पीड़ित, स्मोकर और एल्कोहलिक तथा पूर्व में गंभीर बीमारी से पीड़ित हो चुके करीब 27 हजार लोगों को हाईरिस्क केटेगरी में शामिल किया गया है। सौ दिन चलने वाले इस अभियान में सर्वे अभियान पूरा होने के बाद टीबी, कुष्ठ रोग के साथ सीनियर सिटीजन को अलग-अलग श्रेणी में रखा जाएगा और उनकी समस्या के अनुसार उनकी आवश्यक जांच के बाद उपचार सुविधा और जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

### एक्स-रे और बलगम जांच

अभियान का मुख्य फोकस टीबी के संदिग्ध मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार सुविधा उपलब्ध करानी है। इसके लिए पुरानी खांसी, अनुवांशिक हिस्ट्री, कुपोषित लोगों को संदेह के दायरे में रखा गया है। लक्षण पॉजिटिव होने पर एआई तकनीक से एक्स-रे फिर ट्रूआरनॉट मशीन से बलगम की जांच के बाद पुष्टि होने पर निशुल्क उपचार की व्यवस्था की जाएगी। वयोवृद्ध जनों को बीमारी की जांच के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजकर आवश्यकतानुसार उपकरण दिलाए जाएंगे।



### चार चरणों में पूरा होगा अभियान

निक्षय निरामय अभियान चार चरणों में पूरा किया जाएगा। 7 से 22 दिसंबर तक चलने वाले पहले चरण में सर्वे और स्क्रीनिंग के माध्यम से हाईरिस्क श्रेणी के लोगों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। दूसरे चरण में 23 दिसंबर से 28 फरवरी को हाईरिस्क लोगों की विभिन्न जांच के तरीके शारीरिक समस्याओं की पुष्टि की जाएगी। तीसरे चरण में 1 से 15 मार्च तक उपचार तथा सीनियर सिटीजन को जरूरी उपकरण दिलाने की प्रक्रिया पूरी होगी। चौथे चरण में 16 से 23 मार्च तक निक्षय निरामय अभियान की रिपोर्ट का आकलन किया जाएगा।

# टमाटर का रंग सिर्फ लाल ही क्यों होता है? इसकी पीछे की साइंस क्या है



**नई दिल्ली।** टमाटर में एक प्राकृतिक पिगमेंट होता है, जिसे लाइकोपीन कहा जाता है, जो टमाटर को उसकी खास लाल रंगत प्रदान करता है। लाइकोपीन का मुख्य कार्य टमाटर को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाना है, जिससे यह टमाटर के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। जब टमाटर कच्चा होता है, तो उसमें क्लोरोफिल की मात्रा अधिक होती है, जिससे टमाटर हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकता है, क्लोरोफिल की मात्रा कम होती है और लाइकोपीन की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे इसका रंग लाल हो जाता है। सभी टमाटर लाल नहीं होते हैं, क्योंकि कुछ में लाइकोपीन की मात्रा कम होती है या बिल्कुल नहीं होती। उदाहरण के लिए, पीले और हरे टमाटर में लाइकोपीन की मात्रा बहुत कम होती है, इसलिए इनका रंग लाल नहीं होता। टमाटर का लाल रंग यह संकेत देता है कि वह पूरी तरह से पका हुआ है और खाने के लिए तैयार है। पकने के बाद, यह स्वाद में भी ज्यादा मीठा और पौष्टिक होता है।


## शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है लाइकोपीन

लाइकोपीन एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाता है और दिल की बीमारी, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करता है। मिट्टी की गुणवत्ता और पोषक तत्वों की उपलब्धता भी टमाटर के रंग पर असर डालती है। अगर मिट्टी में सही पोषक तत्व मौजूद होते हैं, तो टमाटर और भी ज्यादा लाल और पोषक तत्वों से भरपूर होता है। टमाटर को लाल रंग में पकने के लिए सही तापमान और नमी की आवश्यकता होती है। जब ये दो तत्व संतुलित होते हैं, तो टमाटर जल्दी और सही तरीके से लाल हो जाता है। लाल टमाटर न केवल स्वाद में बेहतर होता है, बल्कि इसमें पोषण तत्व भी ज्यादा होते हैं, जैसे कि विटामिन C, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल्स, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं।










# यहां रेस्टोरेंट के मेन्यू कार्ड में नहीं लिखते डिश का दाम एक प्लेट खाने के लिए देनी पड़ती है नोटों की गड्डी!

**दमिश्क।** दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां महंगाई इतनी ज्यादा है कि जितनी लोगों की आमदनी नहीं होती, उससे ज्यादा खर्चा हो जाता हैं। इस चक्कर में वहां के लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता हैं। हाल ही में एक कंटेंट क्रिएटर ऐसे ही एक देश पहुंची, जहां जाकर उसे काफी हैरानी हुई। वो इसलिए क्योंकि इस देश में रेस्टोरेंट के मेन्यू कार्ड में डिशेज़ का दाम ही नहीं लिखते हैं। एक प्लेट खाना इतना महंगा है कि लोगों को नोटों की गड्डी पकड़ानी पड़ जाती हैं।






## इस देश का नाम है सीरिया

एलोना एक रेस्टोरेंट में थीं, जिसके मेन्यू कार्ड में डिशेज़ के दाम ही नहीं लिखे थे। इसका कारण ये है कि वहां पर करेंसी इतनी फ्लक्चुएट करती है कि कीमत जल्दी-जल्दी बदलती रहती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि 1 कप कॉफी 25 हजार सीरियन पाउंड हैं। एक वक्त था जब 1 अमेरिकी डॉलर, 50 सीरियन पाउंड के बराबर था। पर अब 1 डॉलर 15 हजार सीरियन पाउंड के बराबर हो गया है। इसका सबसे बड़ा कारण ये है कि सीरिया सालों तक अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग से दूर रहा।देश में हाइपर इनफ्लेशन देखने को मिला और दामों में फ्लक्चुएशन भी होता रहा।







## न कुत्ता-न बिल्ली...इस कपल ने पाली है विदेशी छिपकली, बच्चों की तरह करते हैं प्यार

**नई दिल्ली।** शौक बड़ी चीज है यह कहावत तो हम सब ने सुनी है। किसी को शौक होता है महंगे कपड़ों का, किसी को शौक होता है महंगे घर का. लेकिन दिल्ली एनसीआर के पति-पत्नी का शौक बेहद अजीब है, जो काफी वायरल हो रहा है। मोहल्ले वालों के बीच यह चर्चा का विषय भी बन गया है। दरअसल, दिल्ली की रहने वाली जोया रहमान और उनके पति ने पाल रखी है। इगुआना छिपकली दिखने में 'कोमोडो ड्रैगन'जैसी लगती है। इसे देखने वाले लोग डर जाते हैं। यही नहीं जिस तरह लोग अपने पालतू कुत्ते को गले में पट्टा बांधकर उसे मॉर्निंग और इवनिंग वॉक कराने के लिए लेकर जाते हैं, ठीक उसी तरह जोया रहमान अपनी इगुआना छिपकली के गले में पट्टा बांधकर और उसे कपड़े पहनाकर बाहर लेकर जाती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com